तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया



श्रीकांत वर्मा मार्ग जाने वाले रास्ते में नाले का चेम्बर खुला छोड़ दिया गया है। इसकी वजह से यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का आज शहर में

**बिलासपुर।** महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्षा सुश्री अल्का लाम्बा एवं प्रदेश अध्यक्ष फूलो देवी नेताम का 27 अप्रैल को दोपहर 1 बजे नगर आगमन हो रहा है। सुश्री अल्का एवं फूलों देवी कांग्रेस भवन में कांग्रेसजनों की बैठक लेंगी। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे मस्तूरी-जयराम नगर मोड़ में आयोजित बैठक में भाग लेंगी।



### एसईसीएल निदेशक वित्त के लिए कुमार अनुशंसित

**बिलासपुर।** पीईएसबी द्वारा एनसीएल में महाप्रबंधक वित्त के रूप में कार्यरत डी सुनील कुमार के नाम की अनुशंसा एसईसीएल के निदेशक वित्त के रूप में की गई है। कोयला उद्योग में लगभग 35 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले श्री कुमार ने आचार्या नागार्जुन विश्वविद्यालय, आंध्रप्रदेश से बीकॉम एवं आंध्र विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश से एमबीए की डिग्री हासिल की है। कोयला उद्योग में वित्त प्रबंधन के क्षेत्र में उन्हें मुख्यालय तथा क्षेत्रीय स्तर पर काम करने का व्यापक अनुभव है। वे कॉस्ट कंट्रोल के माध्यम से लाभप्रदता बढ़ाने के कौशल के लिए जाने जाते हैं। एसईसीएल परिवार ने बधाई दी।



### बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 29 से रद्द

**बिलासपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के कटनी-बीना सेक्शन के गणेशगंज स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के लिए नॉन इंटरलाकिंग कार्य किया जाना है। इसके लिए 29 अप्रैल से बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। रेलवे के अनुसार पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के कटनी-बीना सेक्शन के हरदुआ-मझगवां फाटक के मध्य तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के लिए नॉन इंटरलाकिंग का कार्य किया जाएगा। इस दौरान रेलवे द्वारा 29 अप्रैल से 1 मई तक गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल तथा 1 मई से 3 मई तक गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### 2 करोड़ 21 लाख का सामान किया जब्त



**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस के साथ ही अब रेलवे सुरक्षा बल भी सभी स्टेशनों में लगातार यात्री गाड़ी के साथ ही पार्सल समानों की जांच कर रही है। ऐसे में 84 मामलों में जीआरपी ने 2 करोड़ 21 लाख रूपए का सामान जब्त किया है। रेलवे के अफसरों ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के द्वारा चुनाव आयोग एवं रेलवे बोर्ड के निर्देश पर ट्रेनों, प्लेटफार्म, यार्ड और यात्री परिसरों मे चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पिछले कुछ दिनों में शराब के 20 मामलों में 742 बोतल जब्त की गई और 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ के 46 मामलों में 617.011 किलो ग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया, जिसकी कीमत 1 करोड़ 23 लाख 60 हजार 920 रूपए है, इसमें 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह 14 मामलों में 16 लोगों से 70 लाख 40 हजार रूपए जब्त किए गए हैं। सोने-चांदी परिवहन के 4 मामलों में 24 लाख 81 हजार कीमत का माल बरामद करते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।





नैक से यूनिवर्सिटी को एक डबल प्लस ग्रेड मिलने पर गुरुघासीदास की प्रतिमा को नमन करते कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल। वहीं विश्वविद्यालय में कुलपति का स्वागत व बधाई देते प्रोफेसर व लेक्चरर।

### विवि का स्कोर 4 में से 3.62 आया है जो पूरे पांच साल के लिए रहेगा

# देश की टॉप ग्रेड यूनिवर्सिटी में आ गए - प्रो. चक्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने नैक से यूनिवर्सिटी को एक डबल प्लस ग्रेड मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए इसे सतत पौने तीन साल के परिश्रम का परिणाम बताया, उन्होंने इसका श्रेय यूनिवर्सिटी के पूरे परिवार को दिया है।

उन्होंने नैक ए डबल प्लस ग्रेड मिलने के आगामी लाभ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अब हम देश के टॉप ग्रेड यूनिवर्सिटी में आ गए हैं और हमारा स्कोर 4 में से 3.62 आया है जो पूरे पांच साल के लिए रहेगा। उन्होंने बताया कि जैसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड पाठयक्रम शुरू करना है, जो बारहवीं पास के बाद होता है, तो उसके लिए नैक का ए-ग्रेड या उससे ऊपर की रैंकिंग होनी चाहिए, इसलिए हम अगर चार वर्षीय बीएड पाठयक्रम शुरू कर पाएं तो छत्तीसगढ़ के बच्चों के लिए बहुत अच्छा हो जाएगा। हम एलिड क्लास में चले गए है जिसका लाभ कई वर्षो तक मिलेगा और यूनिवर्सिटी और ऊंची छलांग लगाएगी।



विश्वविद्यालय में खुशियां मनाते कुलपति व प्रोफेसर।

### 2014 में मिला था बी ग्रेड

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में फरवरी 2014 में नैक टीम का निरीक्षण हुआ था। उसके बाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी को बी-ग्रेड प्राप्त हुआ था और फरवरी वर्ष 2019 में यूनिवर्सिटी की नैक ग्रेडिंग समाप्त हो गई थी। इस बीच पांच सालों तक यूनिवर्सिटी अपने यहां नैक निरीक्षण नहीं करा पाई थी। पिछले साल 2023 में यूनिवर्सिटी ने नैक निरीक्षण के लिए आईआईक्यूए अपलोड किया फिर एसएसआर सबमिट किया था। इसके बाद दो माह पहले ही नैक की 6 सदस्यीय टीम यूनिवर्सिटी निरीक्षण करने आई थी। नैक टीम ने 29 से 31 जनवरी तक यूनिवर्सिटी का निरीक्षण किया, जिसके बाद टीम ने अच्छी ग्रेडिंग के लिए रिकमंड किया था, किन्तु ए डबल प्लस ग्रेडिंग पर जाकर मामला अटक गया, इसलिए नैक की दूसरी टीम पिछले दिनों दोबारा यूनिवर्सिटी का निरीक्षण करने पहुंची थी। नैक की तैयारी यूनिवर्सिटी में लंबे समय से जोर-शोर से चल रही थी, जिसके परिणाम स्वरूप यूनिवर्सिटी को एक डबल प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है।

### छात्रों ने आतिशबाजी ढोल ताशे के साथ मनाई खुशी

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सुबह के समय जैसे लोगों को पता चला कि यूनिवर्सिटी को नैक ने ए प्लस प्लस ग्रेड दिया है वैसे ही यूनिवर्सिटी में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्रों ने आतिशबाजी, ढोल-ताशे के साथ कैंपस में खुशियां मनाई और मिठाई बांटी।

नैक से ए प्लस प्लस ग्रेडिंग मिलने की सूचना मिलते ही यूनिवर्सिटी एबीवीपी के छात्र-छात्राओं की भीड़ प्रशासनिक भवन के सामने एकत्रित हुई और वहां पर खूब आतिशबाजी की। छात्रों ने कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल को बधाई देते हुए मिठाई खिलाई। एबीवीपी यूनिवर्सिटी इकाई अध्यक्ष आराध्य तिवारी ने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण है और इस उपलब्धि से यूनिवर्सिटी का नाम पूरे देश में रौशन हुआ है। इकाई मंत्री शशांक सोनवानी ने कहा कि देश के सर्वोच्च यूनिवर्सिटी में गुरू घासीदास यूनिवर्सिटी का नाम आने से हमारे यूनिवर्सिटी की शान बढ़ने के साथ-



साथ यहां के छात्र-छात्राओं के आगे बढ़ने की कई द्वार खुल गए हैं। एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभम पाठक ने कहा कि हमारा यूनिवर्सिटी कई मायनों में आज इतिहास रचा है। यूनिवर्सिटी आज देश का सर्वोच्च सेंट्रल यूनिवर्सिटी होने के साथ-साथ मध्य भारत का सर्वोच्च शैक्षणिक संस्थान बनने की उपलब्धि हासिल की है। यूनिवर्सिटी को ए डबल प्लस ग्रेड मिलने से यूनिवर्सिटी के शिक्षक, छात्र-छात्राएं सहित अधिकारी-कर्मचारियों में भारी उत्साह है।

# तिफरा 132 केवी से सप्लाई बाधित दो घंटे तक शहर में बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोड बढ़ने के साथ ही बिजली व्यवस्था दम तोड़ रही है, शुक्रवार को भी तिफरा सबस्टेशन ने निकलने वाली 132/33 केवी लाइन अचानक बंद हो गई। दरअसल धरदई-पथरिया 400 केवी सबस्टेशन से आने वाली लाइन में फाल्ट आ गया, हाई वोल्टेज लाइन में आई खराबी के चलते तिफरा सबस्टेशन डेढ़ से दो घंटे तक बंद रहा, जिसके चलते शहर के 6 बड़े फीडर और 15 सबस्टेशन प्रभावित रहे।

शुक्रवार को दोपहर 11.30 बजे अचानक बिजली सप्लाई बंद हो गई। इस दौरान तिफरा सबस्टेशन से सप्लाई ठप रही। अचानक आधे शहर में बिजली बंद होने के बाद बिजली कार्यालय के फोन घनघनाते रहे। जानकारी के अनुसार धरदाई पथरिया सबस्टेशन से डायरेक्ट सप्लाई तिफरा सबस्टेशन तक सीधे आती रही है, इसी लाइन में फाल्ट आने के बाद ट्रिपिंग की समस्या सामने आई है। जिसके चलते बिजली बंद रही, इस दौरान व्यापार विहार, एसबीआर, स्केनिंग मिल, रायपुर-चकरभाठा, सिरगिट्टी औद्योगिक और सिरगिट्टी फीडर बंद रहे। बिजली विभाग ने सप्लाई बढ़ाकर कुछ फीडर को चालू कर दिया, लेकिन शहर के ज्यादातर सबस्टेशन फीडर एक्टिव नहीं होने कारण बंद रहे। बताया जा रहा है कि 33 व 11 केवी के करीब 15 सबस्टेशन बंद रहे, जिसके चलते आधे शहर की बिजली प्रभावित रही। करीब 1.35 बजे बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी।



■ धरदई-पथरिया 400 केवी से निकलने वाली सप्लाई में ट्रिपिंग, 6 फीडर घंटे भर रहे बंद।

### गर्मी से हलाकान होते रहे उपभोक्ता

भरी दोपहरी में बिजली बंद होने से आम उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो गया। इस दौरान लोगों को गर्मी से राहत पाने के लिए कई जतन करने पड़, वहीं बिजली की स्थिति जानने के लिए सबस्टेशन और फ्यूज कॉल के फोन घनघनाते रहे।

### 6 फीडर में आई थी समस्या

6 फीडर में समस्या आई थी, लेकिन व्यापार विहार, एसबीआर और अन्य फीडर को सप्लाई बढ़ाकर जल्द ही ठीक कर लिया गया, बाकी फीडर और सबस्टेशन पूरी तरह से चालू होने पर घंटे भर का समय लगा होगा।

**- जी केनार,** एसई, सबस्टेशन

# लापरवाही: आंधी में पलट गई नाव 48 घंटे बाद मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खूंटाघाट बांध में बिना सुरक्षा व्यवस्था के ठेकेदार द्वारा मछली पकड़ने का काम किया जा रहा है। न तो इसपर जल संसाधन विभाग कोई कार्रवाई कर रहा और न ही मत्स्य विभाग कभी यहां निरीक्षण के लिए पहुंचता है। बिना सुरक्षा उपकरण के मछली पकड़ने से मछवारों की जान जा रही है। यहां दो दिन पहले मछली पकड़ने के दौरान आंधी तूफान में नाव पल्टी थी। 48 घंटे बाद शुक्रवार को बांध की सतह पर मछुवारे युवक की लाश तैरती हुई मिली है।

खूंटाघाट में बुधवार की शाम कुछ लोग खूंटाघाट डैम में मछलियां पकड़ रहे थे। इसी दौरान तेज आंधी आ गई। आंधी के कारण मछली पकड़ रहे रोहिनाडीह बापापुती निवासी राहुल और पंकज निषाद की नाव डैम में पलट गई। आसपास के लोगों ने उनकी नाव पलटते देख दोनों को बचाने का प्रयास किया। लोगों ने किसी तरह राहुल को बचा लिया। इस बीच पंकज गहरे पानी में डूब गया। साथ ही उसकी नाव भी गायब थी। पुलिस व एसडीआरएफ की टीम खूंटाघाट में देर रात तक युवक की तलाश करती रही, अंधेरे में आ रही परेशानियों के चलते गुरुवार की सुबह फिर से एक बार गायब पंकज की तलाश की गई। एसडीआरएफ के जवानों ने दोपहर को ही युवक की नाव की तलाश कर ली। इधर देर शाम तक पंकज नहीं मिल पाया। दो दिन बाद शुक्रवार को पानी में तैरती पंकज की मिली लाश मिली।



### बिना लाइफ जैकेट मछली पकड़ रहे

खूंटाघाट डेम में मछली मारने का ठेका कोरबा निवासी जीतू जायसवाल को 72 लाख रूपए सालाना पर दिया गया है। ऐसे में बाहर और बांध के आसपास रहने वाले मछवारों से दिन और रात यहां मछली पकड़ने का काम कराया जा रहा है। लेकिन ठेकेदार मछली पकड़ने गहरे पानी में जाने वाले मछवारों को न तो लाईफ जैकेट उपलब्ध करा रहा है। न ही कोई सुरक्षा संसाधन व्यवस्थित कराया है। ऐसे में लगातार यहां हादसे हो रहे हैं। अब यहां नाव पलटने से मछवारे की मौत भी हो गई है।



### नहीं की गई कार्रवाई

मत्स्य महासंघ ने खूंटाघाट बांध में मछली मारने का ठेका दिया है। ठेकेदार अपने मछुवारों से मछली पकड़कर उसे बेचने का काम कर रहा है। नाव पलटने की घटना पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**- एके महेश्वर,** उप संचालक मत्सय विभाग

### मत्स्य विभाग की जिम्मेदारी

खूटाघाट बांध भले ही हमारे अधीन है, लेकिन यहां मछली पकड़ने का काम मत्स्य विभाग देखता है। ऐसे में निरीक्षण और कार्रवाई के साथ ही सरी जिम्मेदारी मछली विभाग के अफसरों की ही है।

**- एसके सराफ,** ईई जल संसाधन विभाग

### जेल अधीक्षक ने सीएस को लिखा पत्र, कैदी मरीज की जान को खतरा, अस्पताल में आया हार्ट अटैक

# आरोपी 49 दिन से अस्पताल में भर्ती, नहीं बता रहे मेडिकल स्टेटस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हत्या का आरोपी पिछले 49 दिनों से जिला अस्पताल में भर्ती है। नियम के तहत 30 दिन में मेडिकल स्टेटस जेल को भेजना था, लेकिन केंद्रीय जेल प्रबंधन को डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट नहीं मिल पाई है। ऐसे में केंद्रीय जेल के अधीक्षक ने सिविल सर्जन को पत्र लिखते हुए कहा है कि आरोपी मरीज का हेल्थ स्टेट्स उपलब्ध कराएं।

दरसल पुलिस आसनसोल पश्चिम बंगाल निवासी प्रभुनाथ सिंह 60 वर्ष को 302, 120 बी के आरोप में पकड़कर बिलासपुर लाई थी। 6 दिसंबर 2023 को चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश कु.पुष्पलता मारकण्डे ने उसे आजीवन कारावास की सजा दी और वह जेल भेज दिया गया। केद्रीय जेल बिलासपुर से बीमार होने पर उसे उपचार के लिए 3 मार्च 2024 को जिला अस्पताल लेकर गए। तब से ही हत्या के आरोप में सजा काटने वाला बंदी वहां भर्ती है। ऐसे में जेल अधीक्षक खोमेस मंडावी ने जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अनिल गुप्ता को पत्र लिखकर मरीज के बारे में नियम तह जानकारी देने में विलंब करने की बात कही है। इधर सिविल सर्जन न तो मरीज की जानकारी जेल अधीक्षक को भेज रहे और न ही मरीज को उपचार के लिए हायर सेंटर भेज रहे हैं।



अस्पताल में भर्ती आरोपी।

### 30 दिन में मेडिकल स्टेटस देने का नियम

जेल अधीक्षक ने जो पत्र लिखा है उसमें स्पष्ट कहा है कि पुलिस अभिरक्षा में भेजे गए बंदी को चिकित्सक जांच के बाद सीधे भर्ती कर लिया गया है, लेकिन डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी उसकी जानकारी नहीं दी जा रही है, जबकि बंदी के उपचार के संबंध में राज्य शासन से 31 अक्टूबर 2019 को जारी राजपत्र के अनुसार यदि किसी बंदी के इलाज के लिए अस्पताल में निरंतर भर्ती की 30 दिन की अवधि पूर्ण हो जाती है, तो उसे आगामी उपचार बंदी मरीज के परीक्षण के लिए संचालक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा गठित राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड द्वारा की गई अनुसंशा के अनुसार किया जाएगा।

### अस्पताल में नहीं है हार्ट विशेषज्ञ

हत्या के आरोपी बंदी मरीज को हार्ट में समस्या के ग्राउंड पर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। लेकिन जिला अस्पताल में हार्ट विशेषज्ञ ही नहीं है। सिविल सर्जन का कहना है कि 7 दिन पहले बंदी मरीज को हार्ट अटैक भी आया है। ऐसे में उसे वेंटिलेटर में रखा गया है। इधर जिला अस्पताल में न तो विशेषज्ञ है और नही बेहतर उपचार के संसाधन है। ऐसे में यदि समय रहते मरीज की मेडीकल स्टेट्स के साथ उसे हायर सेंटर में रेफर नहीं किया जाता तो उसके जान को भी खतरा है।

### रिपोर्ट कराई जा रही तैयार

हत्या के आरोप में बंद मरीज को उपचार कराते 49 दिन बीत गए हैं। उसके जांच के संबंध में रिपोर्ट तैयार का जल्द ही जेल अधीक्षक को भेजी जाएगी। हाल ही में 7 दिन पहले उसे हार्ट अटैक भी आया है। ऐसे में उसे आईसीयू में रखा गया है।

**- डॉ.अनिल गुप्ता,** सिविल सर्जन जिला अस्पताल।

### सिविल सर्जन नहीं दे रहे जानकारी

हत्या के आरोप में कैद बंद को रेगुलर जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया था। लेकिन डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर लिया। उसे क्या बीमारी है, उसके संबंध में मेडीकल स्टेटस रिपोर्ट 30 दिन के भीतर देना था। लेकिन नियम का पालन न करते हुए सिविल सर्जन रिपोर्ट देने में समय लगा रहे हैं। ऐसे में उन्हे पत्र लिख जल्द से जल्द रिपोर्ट मांगी गई है।

**- खोमेश मंडावी,** जेल अधीक्षक बिलासपुर

26 APRIL -BSP- pg- 2_Layout 1 4/27/2024 12:44 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### सीयू को ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने पर कुलपति चक्रवाल का किया सम्मान



बिलासपुर। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय को ए प्लस प्लस ग्रेड के साथ विवि का नाम देश के अग्रिम पंक्ति में शामिल किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में बिलासपुर की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक चक्रवाल को अमरजीत सिंह दुआ ने बधाई दी। गुरु सिंह सभा दयालबंद के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सचिव अमरजीत सिंह दुआ ने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में हमारा बिलासपुर तेजी से बढ़ रहा है। देश के अग्रिम पंक्ति में विश्वविद्यालय में हमारा गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय का नाम शामिल किया गया है जिससे यहां के सभी वर्गों में हर्ष व्याप्त है। और बिलासपुर गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय को ए प्लस प्लस ग्रेड की सूची में देश में प्रमुखता के साथ स्थान प्राप्त करने में कुलपति, कुल सचिव के अलावा गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं का सहयोग है। ये सभी बधाई के पात्र हैं ,जिनके प्रयास से बिलासपुर को एक नया गौरव एवं सम्मान मिला है। अमरजीत सिंह दुआ ने कुलपति आलोक चक्रवाल से मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया।

### पंजाब नेशनल बैंक ने शुरू की 'डिजिटल होम लोन' सेवा



बिलासपुर। देश के पहले स्वदेशी बैंक पंजाब नेशनल बैंक के रायपुर अंचल प्रमुख आशीष चतुर्वेदी, उप अंचल प्रमुख अरुण राव, बिलासपुर मंडल प्रमुख जगदीश राय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में पहली बार बिलासपुर कलेक्टोरेट शाखा प्रमुख गजानन राठौड़ ने मात्र चार क्लिक में 16 लाख रुपए का आवास ऋण स्वीकृत कर प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया मूवमेंट को आगे बढ़ाने का पहला कदम उठाया। वरिष्ठ प्रबंधक गजानन राठौड़ ने बताया कि छत्तीसगढ़ में पहली बार पीएलपी प्रमुख सौभाग्य बारिक, रंजन परिडा, अमित पांडेय ग्राहक अर्जन केंद्र के वरिष्ठ प्रबंधक ललित अग्रवाल व हाऊसिंग सेगमेंट के धीरज झा के सहयोग से मात्र चार क्लिक में चंद मिनटों बैंक के सम्मानित ग्राहक को हाउसिंग लोन स्वीकृत कर यह कीर्तिमान बनाने में सफल हो पाया। इंदु चौक शाखा प्रमुख ओमी वर्मा, तिफरा शाखा प्रमुख ओम प्रकाश महतो, तोरवा शाखा प्रमुख सोनू कुमार, कोनी शाखा प्रमुख दीपक साहू, लिंगियाडीह शाखा प्रमुख आकाश अग्रवाल ने बिलासपुर के सम्मानित जनता से अनुरोध किया हैं कि वे पीएनबी की तत्काल डीजी होम लोन सेवा का लाभ लेने के लिए किसी भी शाखा में सम्पर्क कर सकते हैं।

### लायंस क्लब मिडटाउन की अध्यक्ष बनीं शेफाली





बिलासपुर। समाजसेवी संस्था लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन संचालक मंडल की बैठक एवं आम सभा में शेफाली सिंह को नया अध्यक्ष चुना गया है। आम सभा की अध्यक्षता कर रही लायंस अध्यक्ष शंपा दत्ता ने सत्र 2024-25 के अध्यक्ष पद के लिए शेफाली सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसका पूर्व रीजन चेयरपर्सन कुसुम गोयल व चार्टर अध्यक्ष ऊषा तिवारी ने समर्थन किया। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर सुधा साव ने बताया कि शेफाली को सत्र 2024-25 के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। सचिव सुलोचना सिंह, कोषाध्यक्ष नीना गरेवाल रहेंगी। इस अवसर पर शशि आहूजा, कस्तूरी सेठी, शशि देवांगन, शैल श्रीवास्तव, सावित्री मिश्रा, संध्या पांडेय, सुषमा तिवारी, सुमन गुप्ता, वासंती शर्मा, आरती साहू, आरती अम्बष्ट, प्रीति चौरसिया,साधना शर्मा, सरिता शर्मा, गरिमा तिवारी, नंदिनी तिवारी, आशा पाण्डेय, प्रीति प्रसाद, सपना गुप्ता, शुभ्रा गुप्ता, मीना शर्मा, अंजिता उपाध्याय, सीमा देवांगन, बिंदु गुप्ता, उषा सलूजा, सुमन राजपाल, रचना ताम्रकार, सतिंदर कौर,जीत उपवेजा हेमलता थवाईत, रश्मि छावड़ा, शीतल गांधी, नागमणि राव, मृदुला तोमर, मनीषा खुल्लर,कंवल कौर आदि सदस्यों ने बधाई प्रेषित की। अंत में शेफाली ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### गृह निर्माण मंडल के 150 परिवारों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी



बिलासपुर। गृह निर्माण मंडल बिलासपुर द्वारा कालोनी में जनहित सुविधाओं को पूरा नहीं करने के विरोध में 150 परिवारों ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापा हैं। जिसमें सदस्यों ने आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने एवं हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय का घेराव करने तथा शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। कलेक्टर को सौंपने ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम सैदा सकरी के दीनदयाल कालोनी जो गृह निर्माण मंडल बिलासपुर के अधीन है। जो कि 12 साल से बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। 250 मकान की यह कालोनी विभिन्न सुविधाओं को लेकर बोर्ड के अधिकारियों को कई बार अवगत करा चुकी है। फंड की कमी का हवाला देकर आज तक इन परिवारों को विभिन्न सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। नागरिकों ने बताया कि यहां लगभग 15 साल से जो कालोनी के लिए रोड बनाया गया है वह जर्जर हो चुकी है। सेप्टिक टैंक जगह जगह से टूट चुका है। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। गंदे पानी के जमा होने से यहां दुर्गंध व गंदगी होने से कई तरह की बीमारी से लोग ग्रस्त हो रहे हैं। पानी बिल नगर निगम से अधिक वसूला जा रहा है। लैंड मैंटनेंस चार्ज के नाम पर हाउसिंग बोर्ड द्वारा 150 रुपए प्रतिमाह वलूने का आरोप लगाया गया है। इसके बिना खरीदी बिक्री, नामांकन व निर्माण आदि सभी कार्य बाधित किया जाता है। एक पंप होने से पानी टंकी में पर्याप्त पानी नहीं भर पाता। जल संकट से लोग जझू रहे हैं। ऐसे में हमारे सामने कोई भी रास्ता नहीं बचा है। अगर उक्त सभी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो कालोनी में रहने वाले 150 परिवार आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। साथ ही हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय का शांतिपूर्वक घेराव कर प्रदर्शन करेंगे।

# सोचने का तरीका बदलने की जरूरत, तभी होगा तेज विकास : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सीवीआरयू में 2 दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में 2 दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। यह सेमिनार रिसर्च एडवांसमेंट एंड इन्नोवेशन इन कंप्यूटर साइंस एंड इनफॉरमेशन टेक नो लॉ जी , विकसित भारत 2024 विषय पर आयोजित किया गया। इसे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित किया गया है, जिसमें देशभर के 7 विषय विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। वहीं देश भर के शोधार्थी और विद्यार्थी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड में शामिल होंगे। मुख्य अतिथि पं सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि के कुलपति प्रो. वंश गोपाल सिंह ने कहा हमारा देश विकसित हो रहा है, लेकिन उतनी गति से नहीं, जिस गति से अन्य देश हुए हैं। इसलिए हमें अपने सोचने के तरीके को बदलने की जरूरत है। तभी हमारा भारत दुनिया के देशों के सामने सिरमौर होगा।

उन्होंने कहा कि विज्ञान का महत्व इस रूप में नहीं है कि हमने क्या रिसर्च किया, बल्कि इस रूप में है कि अब हम उस विषय को जानने लगे है। उन्होंने आधुनिक तकनीक को मनोविज्ञान से जोड़कर अपने विचार साझा किया।




### आने वाला समय टेक्नोलाजी का है : कुल सचिव

विवि के कुल सचिव गौरव शुक्ला ने कहा कि आने वाला समय टेक्नोलॉजी का है। अब सब कुछ एआई से होगा। युवा और बच्चों को अधिक से अधिक टेक्नोलॉजी से अपडेट होने की जरूरत है। विवि ऐसे आयोजन करता है जिससे कि वह विकसित भारत 2024 की दिशा में कदम से कदम मिलाकर चल सके। विवि की सम कुलपति प्रो जयति चटर्जी ने कहा कि हमें हर दिन नवीन कल्पना और रचनाशीलता करनी होगी, छोटे-छोटे कल्पना और रचना से ही हम बड़े आविष्कार, रिसर्च की दिशा में कीर्तिमान रच सकते हैं। इसलिए इनोवेशन को कभी भी नहीं बंद करना चाहिए।

### भारतीय ज्ञान को विश्व स्तर पर प्रमाणित करने की जरूरतः तिवारी

अधिष्ठाता डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि हमें भारतीय ज्ञान को वैश्विक संदर्भ में और वैश्विक ज्ञान का भारतीय संदर्भ में स्थापित करने की जरूरत है। जो आज वैश्विक ज्ञान है वह भारतीय ही है। उसे विश्व स्तर पर स्थापित किया जाना चाहिए। जो भारतीय ज्ञान है, उसे विश्व स्तर पर ले जाकर प्रमाणित रूप से स्थापित करने की जरूरत है। यह युवाओं की जिम्मेदारी है। स्वागत भाषण डॉ अभिनव शुक्ला एवं आभार डॉ आयुष अग्रवाल ने दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ ज्योति बाला गुप्ता ने किया।

### ये विशेषज्ञ रखेंगे अपनी बात

इस दो दिवसीय आयोजन में डॉ. अनिर्बन मित्रा कोलकाता, डॉ काजल गुलहरे राघवेंद्र राव महाविद्यालय, डॉ अनामिका शुक्ला राघवेंद्र राव महाविद्यालय बिलासपुर एवं विशाल सहरिया, प्रो रवि मिश्रा नागपुर एवं दीपक कुमार देवांगन ग्वालियर अपनी बात रखेंगे।

**लोकसभा चुनाव:** मतदान के लिए प्रेरित करने व्यापारियों का प्रयास, लक्की ड्रॉ निकालकर मतदाता को साइकल गिफ्ट देंगे

# पहले मतदान-फिर दुकान, व्यापारी देंगे छूट और गिफ्ट




स्वीप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शत प्रतिशत मतदान की शपथ लेते छग चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी व व्यापारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापारियों एवं नागरिकों को जागरूक करने 26 अप्रैल को दृष्टि सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। इसमें पहले मतदान फिर दुकान को लेकर व्यापारियों ने मतदान करने वाले लोगों के लिए छूट व गिफ्ट देने की घोषणा की है।

निगम आयुक्त ने शत प्रतिदिन मतदान के लिए व्यापारियों से आवश्यक सहयोग की अपील की है। शुक्रवार 26 अप्रैल को नगर निगम बिलासपुर के आयुक्त अमित कुमार ने छग चेम्बर आफ कामर्स, होटल व्यापारी संघ, व्यापार विहार व्यापारी संघ, मोटर पार्ट्स एसोसिएशन, टायर एसोसिएशन, राजीव प्लाजा एसोसिएशन एवं अन्य व्यापारियों की बैठक ली। जिसमें व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ मिलकर 100 प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया गया। छग चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज बिलासपुर के अध्यक्ष संजय मित्तल द्वारा छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स द्वारा चलाए गए महा अभियान पहले मतदान, फिर दुकान के तहत व्यापारिक संगठन इकाईयां पदाधिकारी एवं व्यापारी सर्वप्रथम अपना अपने परिवार का कर्मचारियों एवं उनके परिवार का अपने मताधिकारों का उपयोग प्रजातंत्र के लिए करने सहयोग देने की घोषणा की गई।

हरदीप सायकल स्टोर्स ने मतदान करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने लक्की ड्रॉ के माध्यम से एक साइकल गिफ्ट देने की घोषणा की है। जिसके लिए मतदाता को मतदान करने के पश्चात अपना नाम, मोबाइल नंबर एवं मतदान करने का निशान दिखाकर दुकान के ड्राप बाक्स में पर्ची डालना होगा।

बैठक में निगम आयुक्त अमित कुमार, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, छग चेम्बर्स आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष संजय मित्तल, छग चेम्बर्स आफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष नवदीप सिंह अरोड़ा, छग चेम्बर्स आफ कामर्स के प्रदेश मंत्री अनिल वाधवानी, बिलासपुर मर्चेन्ट एसोसिएशन के सुनील सोन्थलिया, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष चिन्टू सोंथालिया, मोटर पार्ट्स एसोसिएशन अध्यक्ष नवदीप लूथरा, टायर एसोसिएशन के अध्यक्ष निटू परिहार, राजीव प्लाजा एसोसिएशन के अध्यक्ष शंकर राव आदि मौजूद थे।

### 12 बजे के बाद खोलें दुकान

छग चेम्बर आफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष नवदीप सिंह अरोड़ा ने सभी व्यापारियों से लोकतंत्र के इस महायज्ञ में मतदान करने 7 मई को सभी व्यापारिक संगठन दोपहर 12 बजे तक दुकान बंद रखने का अनुरोध किया है।

### होटल संघ देगा छूट

व्यापारी संघ एवं होटल संघ द्वारा मतदान करने वाले नागरिकों को छूट व गिफ्ट देने की भी घोषणा की गई। जिसके तहत चेम्बर आफ कामर्स द्वारा मतदान करने वाले नागरिकों को 1 प्रतिशत तथा होटल व्यावसायी संघ ने 5 छूट देने की घोषणा की है।

### छग चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ने 100% वोटिंग का लिया संकल्प

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज बिलासपुर के अध्यक्ष संजय मित्तल ने नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त श्री खजांची के साथ चेंबर अपने सभी व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी के साथ मिलकर 100% मतदान का संकल्प लिया। उन्होंने प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों से अपील कि की 7 मई को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व में छत्तीसगढ़ चेंबर के द्वारा चलाए गए महाअभियान "पहले मतदान फिर दुकान" को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारिक संगठन , इकाइयां, पदाधिकारी एवं व्यापरीगण सर्वप्रथम अपना, अपने परिवार का, कर्मचारियों एवं उनके परिवार का अपने मताधिकार का उपयोग प्रजातंत्र के लिए अनिवार्य रूप से करें। साथ ही साथ संगठन इकाई पदाधिकारी एवं व्यापारिक साथियों को अपने कर्मचारियों सहित आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें, जिससे इस लोकतंत्र के महापर्व को मिलकर सफल बनाए जा सके।

### घरों घर जाकर अक्षत चावल से दे रहे नेवता

लोकसभा निर्वाचन में लोगों की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने जिला प्रशासन उन्हें अक्षत चावल देकर चुनई नेवता के जरिए मतदान के लिए आमंत्रित कर रहा रहा है। अक्षत चावल का उपयोग भारतीय संस्कृति में किसी भी शुभ कार्य में किया जाता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण के मार्गदर्शन में हर मतदाता को मतदान केंद्र तक लाने हर संभव प्रयास किया जा रहा है। घर-घर जाकर मतदान दल अक्षत चावल और मतदाता पर्ची का वितरण कर 7 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने मनुहार किया जा रहा है।

### अनिवार्य सेवा वालों के लिए डाक मतदान

लोकसभा चुनाव कार्य में लगे मतदान कर्मियों, पुलिस कर्मियों के डाक मतदान के लिए जिला मुख्यालय में सुविधा केंद्र बनाया गया है। पूर्व में यह सुविधा केंद्र विधानसभा क्षेत्र के प्रशिक्षण स्थल पर प्रस्तावित था। इसमें संशोधन किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जिला मुख्यालय के मंथन सभागार में सभी विधानसभा क्षेत्र के डाक मतदाता वोटिंग कर सकेंगे। 30 अप्रैल से 5 मई तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकेंगे। कोनी स्थित सामग्री वितरण स्थल पर बनाए गए सुविधा केंद्र में 6 मई को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक वोटिंग कर सकते हैं।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र में गरीब, महिला युवा, किसानों के कल्याण का वादाः बैज

- 20 प्रतिशत अमीरों का पैसा लेकर 80 प्रतिशत गरीबों को देंगे

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा है कि देश के 80 फीसदी गरीब 5 किलो राशन के भरोसे चल रहे हैं। कांग्रेस की सरकार आई तो जो संपत्ति 20 फीसदी लोगों के पास है, उनसे लेकर 80 फीसदी लोगों को देंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखेंगे तो उसमें गरीब, मध्यम वर्ग के लोगों, महिला, युवा, किसानों, मजदूरों के कल्याण का वादा है। चुनावी दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहली बार रायपुर में नाइट हॉल्ट करने के सवाल पर उन्होंने तंज कसते कहा कि लगता है मोदी और पूरी भाजपा डर गई है।

कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी की आमसभा 29 अप्रैल को सकरी में होगी। इसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज बिलासपुर पहुंचे हैं।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राज्य की विष्णुदेव साय सरकार के खिलाफ जबरदस्त एंटी इन्कंबेसी है। मोदी रायपुर में अपना राशन कार्ड बनवा लें, तो भी उन्हें कोई एतराज नहीं है। दीपक बैज ने आरोप लगाया कि पांच साल तक मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के साथ भेदभाव किया। सरकार को प्रताड़ति और बदनाम करने का प्रयास किया। यही वजह है कि सरकार के विरुद्ध जनता में आक्रोश है। उन्होंने दावा किया छत्तीसगढ़ की 11 सीटों में कांग्रेस भाजपा से अधिक सीटें जीतेगी।

# मोदी लघु उद्योगपतियों के शुभचिंतकः अमर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'सबका साथ सबका विकास'चाहते हैं : तोखन



बिलासपुर। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल का उद्योगपतियों ने छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ अध्यक्ष हरीश केडिया के निवास पर भव्य स्वागत किया।

उद्योगपतियों से चर्चा करते हुए अमर अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की पाँचवीं अर्थव्यवस्था में पहुंचा दिया। तीसरे कार्यकाल में हमारा देश तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लघु उद्योगपतियों के सबसे बड़े शुभचिंतक हैं। उनके कार्यकाल में एमएसएमई सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू ने कहा कि श्री मोदी 'सबका साथ सबका विकास' 'चाहते हैं। इसीलिए किसानों, महिलाओं सभी के खाते में मासिक सम्मान राशि जा रही है। उन्होंने उद्योगपतियों से समर्थन की अपील की। इस अवसर पर जिला उद्योग संघ अध्यक्ष अनिल सलूजा, महासचिव शरद सक्सेना, कोषाध्यक्ष राम सुखिजा, पूर्वअध्यक्ष अरूण अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, सुनील मरदा, चंद्रकांत भट्ट, एसपी चतुर्वेदी, सभागीय चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष रामाअवतार अग्रवाल, उद्योग संघ उपाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, एनएस राजू, शिवकुमार अग्रवाल, महेश सुल्तानिया, सचिव अशोक अग्रवाल, नरेश सिंघानिया, धर्मेंद्र पटेल, प्रकाश त्रिवेदी, द्वारिका गुप्ता, सतीश शाह, दिनेश भूतडा, चंद्रशेखर नायक, अंकुर अग्रवाल, विजय गमे, रूनित मरदा, शंकर मनचंदा, टीकम जीवनानी, निमेश बजाज आदि मौजूद रहे।

### नूतन चौक स्थित दुकानों का सीमांकन आज

बिलासपुर। नूतन इनक्लेव के पास नूतन चौक स्थित खसरा नंबर 1081/7 रकबा 2377 वर्गफूट भूखंड एवं उस पर निर्मित भवन का अनुज्ञा अनुसार निरीक्षण एवं सर्वेक्षण सह सीमांकन 27 अप्रैल को सुबह 9 बजे नगर निगम की टीम द्वारा किया जाएगा। निगम द्वारा एसपी को पत्र लिखकर पुलिस बल की मांग की गई है। नगर निगम द्वारा हरीश राठौर को भूतल पर स्टील्ट पार्किंग 123 वर्गमीटर, प्रथम तल पर 91 वर्गमीटर आफिस द्वितीय तल पर 91 वर्गमीटर आफिस निर्माण की अनुमति दी गई थी। जिसे हरीश राठौर द्वारा राजीव कश्यप को 270 वर्गमीटर दुकान के रूप में, राजीव कश्यप, शिबूदास विश्वास एवं शारदा देवांगन को दुकान के रूप में विक्रय किया है। आदेश के परिपालन में नूतन चौक स्थित भूखंड, भवन, दुकान का सीमांकन किया जाएगा।

### विकास ई आटो सेंटर शो रूम का विधायक अमर ने किया शुभारंभ



**बिजनेस प्लस**

बिलासपुर। व्यापार विहार एफसीआई रोड के पास विकास ई-आटो सेंटर नए शो रूम का नगर विधायक अमर अग्रवाल ने 26 अप्रैल को फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान श्री अग्रवाल ने संचालक को उनके इस नए शो रूम के खुलने व बिजनेस में तरक्की करने का ईश्वर से कामना की। उन्होंने ई रिक्शा में बैठकर नगर भ्रमण का आनंद लिया। विकास ई आटो सेंटर के प्रोपाइटर कुंदन जैन, पुनीत जैन, विकास जैन ने संयुक्त रूप से बताय कि वाईसी इलेक्ट्रानिक व्हीकल कंपनी जिसके मॉल्डस को इंटरनेशनल सेंटर आफ आटोमेशन टेक्नोलाजी द्वारा प्रमाणित है। इस अवसर पर कंपनी के रायपुर डिपो इंचार्ज हुलास जैन ने यात्री कंपनी के सभी 6-7 माडल्स जिसमें सवारी एवं माल वाहक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यात्री कंपनी की गाड़ी एक चार्ज में 150 किमी चलने की क्षमता रखती है।

यह मजबूत बाडी एवं आसान फायनेंस सुविधा के साथ उपलब्ध है। उदघाटन अवसर पर भीखमचंद, रमेश जी नाहर, सुमन गुसगुसिया, प्रभात जी पींचा, आकाश सहजवानी, चित्रसेन सिक्का, सुरेन्द्र मालू आदि मौजूद थे।

### मंडल के 6 स्टेशनों पर निःशुल्क पेयजल सेवा, रेल प्रबंधक ने किया सम्मानित



बिलासपुर। गर्मी के दिनों में मंडल के 6 रेलवे स्टेशनों पर रेलवे के साथ सामाजिक संस्थाओं द्वारा यात्रियों को निःशुल्क शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ घर संचालित किया जा रहा है। इस पर मंडल रेल प्रबंधक ने इस पहल की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। गर्मी के दिनों में पानी की अधिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर मंडल रेल प्रशासन रेल यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशनों पर साफ एवं स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था वॉटर कूलर एवं वॉटर नल के माध्यम से उपलब्ध कराई है। वहीं समाज सेवी संस्थाएं भी सेवा भावना से रेल यात्रियों की प्यास बुझाने में अपना योगदान दे रही है। इन संस्थाओं द्वारा स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पानी की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति की जा रही है। मंडल रेल प्रबंध ने बताया कि मंडल के 6 स्टेशनों रायगढ़, बाराद्वार, चाम्पा, शहडोल, उमरिया व बीरसिंहपुर पर गैर सरकारी संगठन व समाज सेवी संस्थाएं सेवा भावना से निःशुल्क प्याऊ खोलकर जल सेवा में अपना सक्रिय योगदान दे रही हैं।

### भीड़ नियंत्रित करने सहायक वाणिज्य प्रबंधक ने ट्रेनों का किया औचक निरीक्षण



बिलासपुर। ग्रीष्मकाल के दौरान गाड़ियों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने सहायक वाणिज्य प्रबंधक एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त ने ट्रेनों में औचक निरीक्षण किया। साथ ही साथ टिकट चेकिंग एवं आरपीएफ़ स्टाफ संयुक्त रूप से ट्रेनों के आरक्षित कोच में अनाधिकृत यात्रियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चला रही है। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि गर्मी के दिनों में ट्रेनों में यात्रियों को सहज, सुलभ व निर्बाध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बिलासपुर मंडल द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। प्लेटफार्मों एवं एफओबी सहित रेल परिसरों में यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। मंडल से गुजरने वाली सभी गाड़ियों में भीड़ की निगरानी की जा रही है साथ ही प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के उचित कार्यान्वयन के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई है। साथ ही साथ टिकट चेकिंग एवं आरपीएफ़ स्टाफ संयुक्त रूप से ट्रेनों के आरक्षित कोच में अनाधिकृत यात्रियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चला रही है। इसी क्रम में सहायक वाणिज्य प्रबंधक अनुपम दत्ता एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त आर आर जेम्स द्वारा बिलासपुर स्टेशन में यहां से गुजरने वाली ट्रेनों में भीड़ की निगरानी करने 25 अप्रैल को औचक निरीक्षण किया गया।

### लू से बचने जारी की गाइड लाइन

बिलासपुर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए लू से बचाव, लक्षण एवं उपायों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। ज्ञात हो कि राज्य में भीषण गर्मी तथा तापमान में औसत रूप से हुई वृद्धि के कारण राज्य के विभिन्न हिस्सों में लू चलने की संभावना है। सीएमएचओ ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण जन स्वास्थ्य प्रभावित होता है। ऐसी परिस्थिति में स्वयं का बचाव आवश्यक है। लू लगने से सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होता है। तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आती है। कमजोरी के साथ शरीर में दर्द, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का नहीं आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना एवं बेहोश होने जैसे स्थितियां इसके प्रमुख लक्षण हैं। सीएमएचओ ने बताया कि लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यता नमक की कमी होती है।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



2 सोचने का तरीका बदलने की जरूरत

## धर्म कर्म

# परशुराम महिला संगठन ने 51 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया



**बिलासपुर।** बनारस एवं बृन्दावन से पधारे पंडित एवं स्थानीय पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ बाल बटुकों को जनेऊ धारण करने की विधि बतलाई एवं यज्ञोपवीत संस्कार सम्पादित किया। इसी कड़ी में समाज के प्रतिभावान महिलाओं का सम्मान भी किया गया। साहित्य के क्षेत्र में साहित्यकार कवयित्री शोभा त्रिपाठी को उनके सद्य प्रकाशित पुस्तक शब्द अभिषेक एवं शोध पत्र तुलसी के मानस में नारी पात्र जिसमें उन्हें थावे विद्या पीठ से विद्या वाचस्पति की उपाधि दी गई। लाल चुनर एवं श्री फल से संस्थापक राजश्री मिश्रा, शोभा मिश्रा, अध्यक्ष रेखा पांडे, संरक्षिका हेमलता तिवारी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर परशुराम महिला संगठन की सभी बहनें उपस्थित रहीं। यज्ञोपवीत में पधारे सभी सम्मानित एवं बटुकों को सुन्दर उपहार दिया गया। पदाधिकारियों ने एवं सभी बहनों ने सभी का स्वागत किया। गरिमामयी आयोजन में बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

**छोटे उम्र से ही बचाए रखने किया प्रयास**

## हेल्थ प्लस

# मोबाइल फोन पर हमारी हद से ज्यादा निर्भरता बढ़ रही, घातक



**बिलासपुर।** मोबाइल फोन्स हम सभी के दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। फोन कॉल्स से लेकर पेमेंट तक के लिए हम सभी मोबाइल फोन्स से जुड़े रहते हैं। पर कहीं आप मोबाइल पर इतने निर्भर तो नहीं हो गए हैं कि थोड़ी देर के लिए भी इससे दूर नहीं रह पाते हैं? मोबाइल फोन कनेक्टिविटी न होने पर एंग्जाइटी होने लगती है? अगर हां तो सावधान हो जाइए ये नोमोफोबिया नामक समस्या का संकेत हो सकता है। नोमोफोबिया को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकार के रूप में जाना जाता है। नोमोफोबिया- नो मोबाइल फोन फोबिया तब होता है जब कोई व्यक्ति मोबाइल फोन कनेक्टिविटी न होने के कारण डर या चिंता का अनुभव होने लगता है। इसमें उत्तेजना होने, सांस लेने में बदलाव और अन्य लक्षण भी हो सकते हैं। नोमोफोबिया की स्थिति आपके सोचने-समझने, परिस्थितियों को डील करने के तरीके भी प्रभावित करने वाली स्थिति मानी जाती है।

### नोमोफोबिया के लक्षण दिखें तो क्या करें?

चूंकि नोमोफोबिया आधिकारिक तौर पर कोई मानसिक विकार नहीं है इसलिए वर्तमान में इसका कोई उपचार भी मौजूद नहीं है। हालांकि कुछ प्रकार के थेरेपी और काउंसिलिंग की मदद से फोबिया को दूर करने और लक्षणों में सुधार करने में मदद मिल सकती है। अगर किसी व्यक्ति में इस विकार के लक्षण दिखें तो उसे मनोचिकित्सक के पास ले जाएं।

## स्पोर्ट्स न्यूज

# रायपुर और प्लेट कंबाइंड ने जीता अपना पहला मैच



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा सीनियर टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलिट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर और भिलाई के मैदानों में किया जा रहा है। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि टूर्नामेंट में शुक्रवार को बिलासपुर की दोनों ही टीमों को हार का सामना करना पड़ा। बिलासपुर अपना पहला रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय मैदान में रायपुर के खिलाफ खेलने उतरी। बिलासपुर के कप्तान अतुल शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 183 रन बनाए। इसके बाद बिलासपुर ने 184 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट में 148 रन ही बना पाई। इस तरह रायपुर ने ये मैच 35 रनों से जीत दर्ज की और 4 अंक प्राप्त किए। अब बिलासपुर का दूसरा मैच जशपुर के बीच 27 अप्रैल को खेला जाएगा।

- **सीनियर टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलिट ग्रुप टूर्नामेंट**
- **बिलासपुर की दोनों टीमों को मिली हार**

### प्लेट कंबाइंड से भी मिली हार

भिलाई के सेक्टर 10 मैदान में बिलासपुर ब्लू ने अपना पहला मैच प्लेट कंबाइंड के खिलाफ खेला। बिलासपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी की और 18.1 ओवर में 89 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। इसके पश्चात प्लेट कंबाइंड ने 90 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 13 ओवर में 2 विकेट खोकर आसानी से 90 रन बना लिए। बिलासपुर की ओर गेंदबाजी करते हुए स्नेहिल चड्ढा को एक विकेट मिला। इस तरह प्लेट कंबाइंड ने यह मैच 8 विकेट से दर्ज की और 4 अंक प्राप्त किए। बिलासपुर ब्लू का अगला मैच 27 अप्रैल को भिलाई के मध्य खेलेगी।

# समर वैकेशन में निखरेगी बच्चों की प्रतिभा

स्कूलों की गर्मी छुट्टी लगते ही बच्चों को समर सीजन का सदुपयोग करने नई प्रतिभा सिखाने समर वैकेशन का आयोजन स्कूलों में किया जा रहा है। स्टूडेंट्स के लिए यह दिन उत्साह और रोमांच से भरे होते हैं। छुट्टी के इन दिनों में बच्चे मनचाही जगह घूमने जाते हैं और खेलकूद सहित अपनी प्रतिभा को निखारते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ अभीनेश जैन ने बताया कि डीपीएस पब्लिक स्कूल में 1 से 12 मई तक छात्रों के लिए समर कैंप लगाए जा रहे हैं। इसमें बच्चे खेल खेल में नई-नई चीजें सीखेंगे। इस कैंप में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां शुरू की जाएंगी, जिससे छात्र का बहुमुखी विकास हो सके। सुबह 7 से 10.30 बजे तक समर कैंप लगाए जाएंगे, जिसमें छात्रों को फिजिकल एक्टिविटी के साथ-साथ आर्ट एंड क्राफ्ट सहित अन्य रोचक गतिविधियां होंगी। एवीएम न्यू सैनिक स्कूल के चेयरमैन अजय श्रीवास्तव ने बताया कि लाइफ वारियर कैरियर फेस्ट का आयोजन 17 से 19 मई तक होगा, जिसमें छात्र फिजिकल एक्टिविटी के साथ अपनी प्रतिभा को निखारेंगे। समर कैंप में पेपर आर्ट वर्क, म्यूजिकल चेयर, पेपर बाल के साथ भागमभाग सहित विज्ञान से जुड़ी कई प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।




डीपीएस, न्यू सैनिक एवीएम सहित सभी स्कूलों समर वैकेशन हो रहा प्रारंभ




### खुलकर करेंगे मन की बात

समर कैंप में छात्रों को अभिव्यक्ति के अवसर दिए जाएंगे। वह किस्से-कहानियां, मन की बात या कोई यादगार प्रसंग साझा कर सकेंगे। इसमें छात्र को नियत समय में अपनी पूरी बात को मंच से अपने साथियों के सामने प्रस्तुत करना होगा।

### पेंटिंग से उकेरेंगे चित्र



छात्रों को इस समर कैंप में पेंटिंग की कक्षाएं दी जाएंगी, जिसमें छात्र अपने मन में आई किसी तस्वीर को तूलिका की मदद से कैनवास पर उकेरेंगे। छात्र किसी भी विषय या फिर कार्टून, सुपरहीरो या देवी-देवता की पेंटिंग बना सकेंगे।

### संगीत के सुर भी साधेंगे

छात्रों को संगीत के सुरों को साधना भी सिखाया जाएगा, उनका परिचय सरगम और सुर ताल से करवाया जाएगा। अपनी रुचि के आधार पर छात्र इस गतिविधि का चयन कर सकते हैं। साथ ही छात्रों को वाद्ययंत्र बजाना भी सिखाया जाएगा।

### डांस व योग भी होगा

मनोरंजन के साथ शरीर को फीट रखने योगा का अभ्यास भी कराया जाएगा,किस तरह शरीरी को फीट रख सकते है। इसके टिप्स भी बताएं जाएंगे। इसके अलावा डांस सीखाकर बच्चों में छिपी प्रतिभा का बढाया जाएगा। बच्चों के मनपसंद गेम भी इस समर कैंप में आयोजित करवाएं जाएगे।



क्रिकेट, बॉक्सिंग आर्चरी, खो, खो खेल को अनुभवी कोच सिखाएंगे

## रेलवे खेल संघ 4 खेलों का 15 जून तक बच्चों को देगा प्रशिक्षण

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ द्वारा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो 15 जून तक रहेगा। शिविर में रेलवे बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर खेल की बारीकियां को सीखाकर उन्हें जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का प्रयास करता है। करोना काल के बाद विगत कई वर्षो बाद रेलवे द्वारा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें चार खेलों को शामिल किया गया है। क्रिकेट, बॉक्सिंग, आर्चरी, खो खो रेलवे के राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा एवं राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की वरिष्ठ खिलाड़ियों द्वारा बच्चों को खेल की नई नई तकनीकों क्यों की जानकारी दी जाएगी। जिससे वह जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। पूर्व में भी रेलवे द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर से कई खिलाड़ी आज प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर में खेल रहे हैं।

### सुबह 6 से 8 होगा खेल

जिसमें क्रिकेट सेक्रेसा क्रिकेट मैदान में सुबह 6 से 8बजे तक बॉक्सिंग और आर्चरी होगा, खो-खो का खेल सुबह व शाम 6बजे सब रात 8बजे तक किया जा रहा है। खिलाड़ियों के लिए तीन सीमेंट पिच, 5 सेंटर पिच, बॉलिंग मशीन एवं अन्य सुविधाएं मिलेंगी।

### यह कोच देंगे प्रशिक्षण

रेलवे खेल संघ के प्रशिक्षण में बॉक्सिंग के कोच नागू राव, आनंद नेशनल बॉक्सिंग प्लेयर आर्चेरी में सैक्रो बेसरा, शिवनाथ नगेसिया इंटरनेशनल, आर्चरी प्लेयर, पलटन हसदा, खो खो में जी वेणु बाबू होंगे। खो खो के कोच अप्पा राव इंटरनेशनल खो खो प्लेयर शामिल होंगे। क्रिकेट में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के क्रिकेट प्रशिक्षक भूपेंद्र पाण्डे, संतोष साहू पूर्व रणजी प्लेयर, अमित मिश्रा रणजी प्लेयर, ओपी यादव पूर्व रणजी प्लेयर,अभिनव शर्मा, राज, जावेद, अभिषेक सिंह, शिवेन्द्र, अतुल, इरफान, मोहित, प्रवीण यादव श्रीनिवास राव एवम अन्य रेलवे के खिलाड़ी बच्चो को बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण का गुण सिखाएंगे।

# सोलापुरी माता: सुहागिन महिलाओं ने की कुमकुम पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री सोलापुरी माता पूजा के आयोजन में शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं के लिए कुमकुम पूजा आयोजित की गई, जिसमें शामिल होकर 500 से अधिक महिलाओं ने विधि विधान से पूजा करते हुए अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा। इन दिनों बारह खोली स्टेशन रोड बंगला यार्ड में श्री सोलापुरी माता पूजा का आयोजन किया जा रहा है। दक्षिण भारतीय शैली में होने वाले इस आयोजन में माता के विविध स्वरूप स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को यहां कुमकुम पूजा का आयोजन किया गया। सुहागिन महिलाएं इस आयोजन में शामिल हुईं। सुबह पूजा पंडाल में पारंपरिक दक्षिण भारतीय परिधानों और श्रृंगार के साथ पहुंची सुहागन महिलाओं ने पूजा पंडाल में कलश स्थापित कर वस्त्र, सुहाग सामग्री, नारियल, फल, फूल धूप, बत्ती के साथ सजाकर घट स्थापित किया, जहां गणपति पूजा के बाद 1008 नाम जप करते हुए अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा गया। करीब 3 घंटे तक यह पूजा चली। पूजा समाप्त होने पर सभी महिलाओं ने एक दूसरे को कुमकुम लगाकर उन्हें पान, सुपारी और केला अर्पित किया। इसके बाद आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामा राव और उनकी पत्नी वी हेमलता द्वारा पूजा में शामिल सभी महिलाओं को सुहाग सामग्री भेंट की गई। इस मौके पर ऋतु पांडे भी मौजूद रहीं।



### निर्जला व्रत रख की पूजा

इस पूजा में महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं, जिनके लिए हर वर्ष पूजा के पश्चात दोपहर भोज का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष केके राव द्वारा इसकी व्यवस्था की गई, जिसमें सुहागिन महिलाओं ने सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया।






# लायंस क्लब ने आमजन के लिए खोला प्याउ घर

बिलासपुर। लायंस क्लब हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भीषण गर्मी को देखते हुए प्याऊ घर, जानवर एवं पक्षी की जल सेवा कर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पावर हाउस में प्याऊ घर का शुभारंम्भ लायन नरेश लिखमानिआ की देख रेख में किया गया। जिसमे जानवर एवं पंछियों के लिए कोतना एवं कसोरा की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम संचालक मनजीत अरोरा, उमेश मुरारका अध्यक्ष दर्शन छाबड़ा, प्रीतपाल बाली, दिलीप भंडारी, डॉ राजकुमार क्षेत्रपाल, राजकुमार अग्रवाल,.परमजीत सिंह सलूजा, विमल केडिया, शैलेश बाजपेई, गुरचरण सिंह राजपाल, देवेंद्र टुटेजा, नरेंद्र पाल सहित सभी सदस्य इस सेवा कार्य में मौजूद थे।

## कार्नर न्यूज

यहां की आबोहवा पसंद आ रही है तितलियों को

# एटीआर में राष्ट्रीय तितली सहित दुर्लभ प्रजातियों का संसार

**बिलासपुर।** पर्यावरण व वन्य जीव प्रेमियों के लिए यह सुखद खबर है कि अचानकमार टाइगर रिजर्व कि आबोहवा दुर्लभ तितलियों को भा रही है। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर सत्य प्रकाश पांडे ने इन दुर्लभ तितलियों को अपने कैमरे में कैद किया है। श्री पांडेय ने बताया कि वर्ष 2020 में देश में राष्ट्रीय तितली चुनने के लिए वोटिंग हुई,ऑनलाइन वोटिंग के आधार पर तितलियों की तीन शीर्ष प्रजातियों के प्रस्ताव को पर्यावरण और वन मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था । वर्ष 2021 में वोटिंग के आधार पर ऑरेंज ऑकलीफ बटरफ्लाई को भारत की राष्ट्रीय तितली घोषित किया गया । भारत में कुल 1500 प्रकार की तितलियां पाई जाती हैं। देश के तितली विशेषज्ञों के समूह ने पिछले कुछ वर्षों में जंगलों, बागों आदि स्थानों पर तितली सर्वे शुरू किया था। लॉकडाउन के दौरान राष्ट्रीय पक्षी और पुष्प की तरह राष्ट्रीय तितली चुनने का विचार आया था । देश भर से आंकड़े एकत्रित करने के बाद तितली विशेषज्ञों की टीम ने आंतरिक मतदान द्वारा सात तितलियों की अंतिम सूची तैयार की थी, जिसमें से एक तितली वोटिंग के आधार पर राष्ट्रीय तितली घोषित होनी थी । तितली विशेषज्ञों ने इसमें यह ध्यान रखा कि प्रजाति विलुप्त न हों। जिन चयनित सात प्रजातियों के लिए वोटिंग हुई उनमें कृष्णा पीकॉक, कॉमन जेज़बेल, ऑरेंज ओकलीफ, फाइव बार स्वॉर्ड टेल, कॉमन नवाब, यलो गोर्गन और नॉर्दन जंगल क्वीन का नाम शामिल है।

छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग वन क्षेत्रों की जैव विविधता और वानस्पतिक महत्ता के अलावा वहां के जीव-जंतुओं की अपनी खासियत रही है। ऑरेंज ऑकलीफ बटरफ्लाई राज्य के कुछ ही वन क्षेत्रों खासकर बस्तर, सरगुजा के अलावा कवर्धा जिले के भोरमदेव वाइल्डलाइफ सेंचुरी में रिकार्ड की गई है। जानकारों की माने तो मुंगेली जिले के अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र में कुछ स्थानों पर इस दुर्लभ तितली को रिकार्ड किया गया है।



**अचानकमार में 90 से अधिक प्रजाति**

वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर सत्य प्रकाश पांडे ने बताया कि अचानकमार में करीब 90 से अधिक तितलियों की प्रजाति उन्होंने रिकार्ड की है । यह दुर्लभ तितली जिसकी उन्हें पिछले तीन साल से तलाश थी उसे सबसे पहले इसी माह भोरमदेव वाइल्डलाइफ सेंचुरी में खोजा, फिर कल अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र में ।







26-APR-REGNOL-pg-4-COMON_Layout 1 4/26/2024 11:08 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### फरहदा में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन आज से

**तखतपुर।** ग्राम फरहदा में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 27 अप्रैल से रखा गया है। कथा वाचक श्रीधाम वृंदावन से सुश्री अदिति किशोरी जी है। वहीं आचार्य पं दिलीप कुमार द्विवेदी, परायणकर्ता किशन वैष्णव, मुख्य यजमान पितऊराम साहू, श्रीमती सुरूज बाई साहू है। कार्यक्रम की तैयारीयों पिताम्बर, मीना, राजाराम, नंदकुंवर, संतोष, नंदकुमारी, धन्नू, ललिता, देवकी, पुनु, छैला, दिलहरण, सुनीता, सनत, पूर्णिमा, ललित, सीमा, चिंतामणी, ईश्वरी, कुंवर लाल ललिता बाई, दिनेश कुमार ईश्वरी बाई साहू एवं समस्त ग्रामवासी फरहदा लगे है।



### राइस मिलों में चोरी करने वाला गिरफ्तार



**तखतपुर।** तखतपुर की राइस मिलों में चोरी करने वाले युवक को मस्तूरी पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलासपुर जिले के सकरी, करगी, तखतपुर, जरौंधा स्थित सिंग राइस मिल में चोरी की थी। चोर करगीखुर्द राधा रानी राइस मिल में चोरी करते वक्त सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। जिसका पुलिस ने साइबर सेल की मदद से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर विनोद बंजारे निवासी बंधवापारा सकरी से पुलिस ने पूछताछ की। तब उसने अपनी बाइक सीजी 10 बीएल 0674 से विभिन्न क्षेत्रों में जाता था और रात में जिस राइस मिल में मौका लगता था चोरी करता था। विनोद बंजारे पिता जनक बंजारे उम्र 39 वर्ष निवासी चंदली थाना पथरिया हाल मुकाम सकरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां उसे जेल दाखिल कर दिया।

### छमाही उर्स आज, उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

**सीपत।** सूफी-संत हुजूर बाबा सैय्यद इंसान अली शाह रहमतुल्लाह अलैह का महीना उर्स आज शनिवार को बड़े ही शानो-शौकत के साथ बनाया जाएगा। इस बार का यह महीना उर्स कई मायनों में अहम है। दरअसल ईद के बाद पहली बार होने जा रहे यह महीना उर्स बाबा इंसान अली के सालाना उर्स के बाद का छठवां महीना उर्स है, इसलिए दरगाह कमेटी इसे छमाही उर्स के रूप में बनाने जा रही है। दरगाह प्रबंधन कमेटी द्वारा शुद्ध शाकाहारी लंगर के साथ ईद की सेवइयां और मिठाइयों का भी इंतजाम जायरीनों के खाने में किया गया है। इस छमाही उर्स में कमेटी के नायब सेक्रेटरी जनाब हाजी गुलाम रसूल साबरी और मोहम्मद असलम ने दरगाह को आकर्षक फूलों से सजाया है। वही कमेटी के लंगर इंचार्ज मोहम्मद कुदुश की ओर से मीठाई और जीधन यादव ने शुद्ध शाकाहारी लंगर व मीठा सेंवई का बेहतरीन इंतजाम किया हुआ है।

## निधन

### कुशम्भू निषाद

**जरहागांव।** बुचुवाकापा निवासी कुशम्भू निषाद का 49 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव बुचुवाकापा मुक्तिधाम में किया गया। वे सूरज निषाद, रोशन निषाद के पिता थे।



### सुशीला बाई गुप्ता

**बिलासपुर।** किलावार्ड जूना बिलासपुर निवासी सुशीला बाई गुप्ता का शुक्रवार 26 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 अप्रैल शनिवार को दयालबंद मधुबन मुक्तिधाम में सुबह 9 बजे किया जाएगा। वे स्व. जगदीश प्रसाद गुप्ता की पत्नी व मनोज, अशोक, सुषमा, कल्पना और गीता गुप्ता की मां थीं।



## जीएसटी की दबिश से शहरभर के व्यापारियों में हड़कंप

# जीएसटी की उड़नदस्ता टीम ने व्यापारी के घर व प्रतिष्ठान में की जांच-पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा




गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में जीएसटी के उड़नदस्ता की टीम पहुंची और गौरेला के लोहा और सीमेंट के व्यापारी के घर और प्रतिष्ठान में जांच पड़ताल की है। हालांकि जीएसटी की टीम को कुछ खास हासिल नहीं हुआ। जिसके पीछे सूचना का लीक हो जाना माना जा रहा है। जीएसटी की टीम ने स्थानीय पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था मांगी थी और इसके बाद व्यापारी के घर में दस्तावेजों की आवश्यक जांच पड़ताल कर फिलहाल वापस चली गई है। वहीं जिला बनने के बाद पहली बार व्यापारी के घर में जीएसटी की दबिश को चुनावी समय में राजनीतिक तौर पर जोड़कर देखा जा रहा है। जीएसटी की कार्रवाई में क्या कुछ हुआ इसकी जानकारी टीम के द्वारा स्थानीय पुलिस को भी नहीं दी गई है। गौरेला के एडिशनल एसपी ओम चंदेल ने बताया कि उनसे सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई थी और क्या कुछ कार्रवाई हुई है इसकी जानकारी नहीं दी गई है।

- जिला बनने के बाद पहली बार जीएसटी की की टीम ने दी दबिश

वही शहर में जीएसटी के टीम के घूमने की जानकारी मिलने पर कई व्यापारियों में हड़कंप मच गया और लोग आपस में पतासाजी करते रहे। हालांकि बताया यह भी जा रहा है कि तीन दिन पहले भी केंद्रीय जीएसटी की टीम भी यहां पहुंची थी। बहरहाल चुनावी समय में यह छापामार कार्रवाई से कई प्रकार के कयास लगाए जा रहे हैं। वहीं सूचना के लीक होने की भी चर्चा है।

## करंगरा बैरियर पर उड़नदस्ता दल ने जब्त किए 4.14 लाख



**पेंड्रा।** स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव करान जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती लीना कमलेश मंडावी के निर्देशानुसार जिले में संपूर्ण चुनावी गतिविधियों पर निगरानी दलों द्वारा नजर रखी जा रही है। जिले व राज्य की सीमा से लगे बैरियर-नाकों पर स्थैतिक निगरानी दल तथा उड़नदस्ता दल तैनात किए गए हैं। विगत दिवस छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश अंतरराज्यीय सीमा पामरा करंगरा बैरियर पर उड़नदस्ता दल ने विधिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर दो पिकअप में सवार चार व्यक्तियों से 4 लाख 14 हजार 500 रुपए जब्तकर प्रकरण गौरेला थाना के सुपुर्द किया है। जब्ती की कार्रवाई संयुक्त कलेक्टर, उड़नदस्ता तथा स्थैतिक निगरानी दल के जिला नोडल दिलेराम दाहिरे के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल के प्रभारी नायब तहसीलदार सुनील ध्रुव, सहायक उपनिरीक्षक अशोक कश्यप, कृषि विकास अधिकारी हेमंत कश्यप, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मनोज अटल शामिल रहे। जिले में अब तक उड़नदस्ता दल के द्वारा कुल 7 लाख 18 हजार 700 रुपए जब्त की जा चुकी है।

# सफेद भालू के शावक को लाया गया पेंड्रा के इंदिरा उद्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

मरवाही के जंगलों में कल मिले सफेद भालू के शावक को पेंड्रा के इंदिरा उद्यान लाया गया है। दरअसल मरवाही वनमण्डल के महोरा गांव के जंगल में कल 25 अप्रैल को बदहवास अवस्था में एक सफेद भालू का शावक मिला था। जिसे कल प्राथमिक उपचार और भोजन इत्यादि देने के बाद वन विभाग के द्वारा वापस जंगल में भेजने का प्रयास किया गया पर भालू का यह शावक जंगल की ओर नहीं गया और वहां इसकी मां भी वन विभाग को नहीं दिखाई दी। तब भालू के इस शावक को पेंड्रा के इंदिरा उद्यान लाया गया। डीएफओ रौनक गोयल ने बताया कि रायपुर से आई विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम इसका उपचार और निगरानी कर रही है। इंदिरा उद्यान में भालू के शावक को रखे जाने के कारण पेंड्रा के इंदिरा उद्यान में किसी भी प्रकार के बाहरी व्यक्तियों के आवाजाही पर पूरी तरीके से प्रतिबंध लगा दिया गया है और चारों तरफ से उद्यान में प्रवेश के रास्ते बंद कर दिए गए हैं। वहीं सफेद भालू शावक की मां का पता करने के लिए जंगल में 8 जगह ट्रैप कैमरे लगाए गए है। जिसमें शावक भालू की मां महोरा और बगड़ी गांव के जंगलों में मौजूद होने की संभावना है। कैमरे की मदद से मां का पता लगाने के बाद इंदिरा उद्यान में रखे इस शावक को उसकी मां के पास जंगल में छोड़ने की तैयारी है। वही वाइल्डलाइफ बोर्ड के मेंबर मंसूर खान ने बताया कि उनकी अधिकारियों से बात हुई है और भालू फिलहाल स्वस्थ अवस्था में है। वन विभाग की पहली प्रायोरिटी है कि भालू अपनी मां से मिल जाए और जंगल में उसे वापस सुरक्षित छोड़ दिया जाए। नहीं तो उसको आगे रेस्क्यू करके ले जाया जाएगा।


ग्रामीणों ने कहा- पानी की तलाश में भटक रहे वन्यजीव
बीमार हालत में सड़क किनारे मिला सफेद भालू
वन क्षेत्र में बिजली सप्लाई वाले स्थानों का संयुक्त टीम ने किया सर्वे
जीन्स में परिवर्तन हो जाता है रंग भी परिवर्तित

हरिभूमि में 26 अप्रैल को प्रकाशित खबर।

### 25 साल बाद सफेद भालू की मौजूदगी

पेंड्रा के इंदिरा उद्यान में 25 साल बाद सफेद भालू की मौजूदगी हुई है। इसके पहले 7 फरवरी 1999 को मरवाही के जंगल में पहली बार सफेद भालू मिला था। जिसका नाम कमली रखा गया था और रेस्क्यू के लिए तब इंदिरा उद्यान में रेस्क्यू सेंटर बनाया गया था और बाद में इसे भोपाल और उसके बाद कोलकाता के जू ले जाकर रखा गया था। हालांकि बाद में नियम बदलने के बाद इंदिरा उद्यान के रेस्क्यू सेंटर को बंद कर दिया गया और अब यह केवल उद्यान ही रह गया है। वही मरवाही गौरेला पेंड्रा, अमरकंटक सहित आसपास की जंगलों में मिलने वाले जानवरों के लिए इंदिरा उद्यान को एक अच्छे रेस्क्यू सेंटर के रूप में विकसित किया जा सकता है। जहां रायपुर, बिलासपुर या दूसरी जगह से आने वाले डॉक्टरों का इंतजार करने के पहले जानवरों को प्राथमिक उपचार दिया जा सकता है। वन्यजीव प्रेमी जन्मेजय राणा ने राज्य सरकार से इंदिरा उद्यान के रेस्क्यू सेंटर को फिर से शुरू करने की मांग की है, ताकि जानवरों को तात्कालिक रूप से समय पर प्राथमिक उपचार मिल सके और उद्यान आने वाले पर्यटकों को भी पहले की तरह इंदिरा उद्यान में वन्य जीवों का दीदार हो सके।

# शिवनाथ नदी के एनीकट में दोस्तों के साथ नहाने गया किशोर डूबा

**मल्हार।** पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम कोकड़ी स्थित शिवनाथ नदी के एनीकट में नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई है। सूचना के बाद पचपेड़ी पुलिस मौके पर पहुंच आगे की जांच कार्रवाई में जुट गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भटचौरा निवासी बाबूलाल बांधे पिता रामकुमार बांधे उम्र 17 वर्ष शुक्रवार सुबह 11 बजे दोस्तों के साथ 5 किमी दूर ग्राम कोकड़ी स्थित शिवनाथ नदी के एनीकट में नहाने गया हुआ था। सभी दोस्तों के साथ बाबूलाल नहा रहा था तभी गहरे पानी में बाबूलाल शिवनाथ चला गया। नहा रहे अन्य दोस्तों ने बाबूलाल के दिखाई नहीं देने पर पानी में डूबने की आशंका पर आसपास खोजबीन की लेकिन उसका कुछ नहीं पता चला। जिसके बाद उनके दोस्तो ने दोपहर 12 बजे बाबूलाल के परिजनों को इस घटना की सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे बाबूलाल के परिजनों ने शिवनाथ नदी में बने एनीकट के नीचे गहरे पानी में खोजबीन की तो बाबूलाल मिला। जिसको बाहर लाकर मस्तूरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने परिक्षण के बाद बाबूलाल को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद इस घटना की सूचना पचपेड़ी पुलिस को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की जांच कार्रवाई में जुट गई है।



### गुरुवाइनडबरी में 120 लीटर शराब, 600 किलो लाहन जब्त

**मुंगेली।** सहायक आयुक्त आबकारी प्रकाश पाल के मार्गदर्शन में आज 26 अप्रैल को गस्त के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर मय स्टाफ आबकारी वृत लोरमी द्वारा ग्राम गुरुवाइनडबरी थाना लालपुर में छापेमार कार्रवाई किया गया। कार्रवाई के दौरान ग्राम गुरुवाइनडबरी के फुलसिंग तालाब के किनारे 120 बल्क लीटर हथभट्टी कच्ची महुआ शराब, 600 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। आरोपी अज्ञात होने की स्थिति में लावारिस प्रकरण दर्ज कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क) (च), 34(2) एवं 59(क) के तहत मामले को विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में आबकारी में आबकारी वृत लोरमी प्रभारी विशेन चंद्रवंशी, आबकारी कांस्टेबल हरिचरण खुंटे, नगर सैनिक मनीषा टंडन, ड्राइवर देवेंद्र नेताम का विशेष योगदान रहा।

# तरकीडीह उचित मूल्य की दुकान में चावल शक्कर, नमक का गबन, किया निलंबित

**जरहागांव।** तरकीडीह पंचायत में पीडीएस राशन की अफरातफरी का मामला सामने आया है। खाद्य अधिकारी के निर्देशन पर खाद्य निरीक्षकों ने दुकान का भौतिक सत्यापन करना चालू कर दिया है। इसी क्रम तरकीडीह के पीडीएस दुकान का भौतिक सत्यापन किया गया तो चावल, शक्कर, नमक में गड़बड़ी करने का खुलासा हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार पीडीएस दुकान तरकीडीह (आई.डी.क402006063) का संचालन ग्राम पंचायत तरकीडीह द्वारा किया जा रहा है। संचालनकर्ता सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण जोशी द्वारा 20.09.2023 की स्थिति में चावल 140 क्विंटल, नमक 1.18 क्विंटल गबन कर अपने हित में प्रयोग किया गया है। जिस के संबंध में संचालक द्वारा कोई जवाब पेश नहीं किया गया है। खाद्य निरीक्षक ने 24 अप्रेल को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है कि शा.उ.मू. की दुकान तरकीडीह के भौतिक सत्यापन में 31 मार्च की स्थिति में चावल 56.56 क्विंटल, शक्कर 0.45 विंच., नमक 0.46 विंच., अप्रैल के खाद्यान्न में नमक 0.99 विंच. की कमी पाई गई। अतः उपरोक्त अनियमितता के आधार पर शासकीय उचित मूल्य की दुकान तरकीडीह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए अमलीकापा में संलग्न किया गया है।



**निलंबित किया गया:** कलेक्टर के निर्देश पर जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इस क्रम में तरकीडीह पंचायत के उचित मूल्य के दुकान में गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।
-देवेंद्र कुमार बग्गा, खाद्य अधिकारी मुंगेली

# बैशाख माह में ही जेठ की तपन का होने लगा अहसास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मौसम बैशाख माह में ही जेठ की तपन का अहसास होने लगा है। जिससे शीतलता देने वाले संसाधनों की डिमांड बढ़ गई है। सूर्य की तपन दिन ब दिन बढ़ने लगी है। दिन का तापमान भी बढ़ रहा है। लगातार बढ़ते तापमान का प्रभाव दिखने लगा है।

- गर्मी से चेहरे को बचाने युवक-युवतियां विशेष ध्यान दे रहे

गर्मी से बचने लोग तरह-तरह के जतन भी कर रहे हैं। गर्मी को देखते हुए लोग खान-पान में भी सतर्कता बरतने लगे हैं। आग उगलते सूरज ने लोगों की दिनचर्या बदल दी है। सुबह 8 बजने के साथ ही सूर्यदेव की तिरछी नजर लोगों पर पड़ने लगी है, जिस कारण लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। 5-6 दिनों से निरंतर तापमान बढ़ रहा है। हवा बंद रहने और आसमान साफ होने से गर्मी अधिक महसूस हो रही है। दिन में हल्की-हल्की उमस भी हावी होने लगी है। लेकिन गर्मी जिस तेजी से बढ़ रही है, उससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। लोग धूप से बचने का प्रयास कर रहे है। गर्मी की मार से चेहरे को बचाने के लिए युवक-युवतियां विशेष ध्यान दे रहे हैं। युवतियां तो हाथों में विशेष प्रकार के ग्लोब्ज, चेहरे पर रुमाल और चश्मा लगाकर घर से निकलती हैं। दुपहिया वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है। युवा व बुजुर्ग टोपी और गमछा लगाकर गर्मी से अपना बचाव कर रहे हैं।




शीतलपेय की दुकानों में भीड़।

### बिकने लगा गन्ना रस

मौसम के तेवर बदलते ही शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है। मार्केट में कोलड्रिंक्स उपलब्ध है। इसके बावजूद गन्ना रस पीने वालों की भी संख्या कम नहीं है। यही वजह है कि नगर के प्रमुख चौक-चौराहों में गन्ना रस की दुकानें लग गई हैं। घरों में भी खानपान में दही, छाछ, हरी सब्जियों, सलाद आदि को प्रमुखता दी जा रही है।

### चलने लगे कूलर, पंखे

सूरज की तपिश कुछ ज्यादा बढ़ गई है। इसके साथ ही घरों में बंद कूलर व पंखों की मरम्मत व देख भाल काफी पहले से ही शुरू हो गई है। बाजार में भी इनकी डिमांड बढ़ गई है। इलेक्ट्रानिक दुकानों में कूलर व पंखों की ढेर सारी वेरायटीज हैं। कुछ लोग पुराने कूलर की मरम्मत करवाने में जुटे हैं और खस आदि की व्यवस्था कर रहे हैं। जिससे उन्हें गर्मी में कुछ राहत मिल सके।

### नाबालिग का शारीरिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**पेंड्रा।** पेण्ड्रा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 15 साल की नाबालिग लड़की को प्रेमजाल में फंसाकर शारीरिक शोषण किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी की हरकतों से परेशान नाबालिग अपने परिजनों के साथ पेण्ड्रा थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कराया। शिकायत पर तत्काल एक्शन लेते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पेण्ड्रा थाना क्षेत्र के ही एक गांव की रहने वाली 15 साल की नाबालिग अपने मामा के घर रहकर पढ़ाई करती थी। तभी गांव के ही रहने वाले युवक मनोज रैदास से जान पहचान हो गई। इसके बाद धीरे धीरे मनोज नाबालिग को बहला फुसलाकर उसका शारीरिक शोषण करने लगा। जिसकी भनक लगने पर नाबालिग के परिजन आरोपी युवक को समझाइश भी दिए पर आरोपी नाबालिग को और परेशान करने लगा।

# सट्टा खिला रहे युवक से पुलिस ने 2250 रुपए, सट्टा-पट्टी किया जब्त

**मुंगेली।** जिले में 2 माह से बंद सट्टा-जुआ पुनः तेजी से पैर पसारने लगा है। ग्राम रामगढ़ में पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले युवक देव यादव से 2250 रुपए, सट्टा-पट्टी जब्त की। आरोपी के खिलाफ पुलिस जुआ एक्ट छग जुआ प्रतिरोधक अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रामगढ़ में सट्टा खिलाए जाने की सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रामगढ़ निवासी देव यादव से 2250 रुपए व सट्टा-पट्टी जब्त की। बताया जाता है कि सट्टा खाईवाल फास्टरपुर सेतगंगा में बैठकर पूरे जिले में खुलेआम सट्टा का अवैध कारोबार संचालित करता है। सट्टा खिलाने वाले छोटे लोगों पर तो कार्रवाई होती है, किन्तु बड़ी मछली के बारे में जानकारी होने के बाद भी उस पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। जिले में पुनः सट्टे का कारोबार शुरू हो जाने से लोगों में चर्चा है कि राजनैतिक संरक्षण के चलते यह व्यापार फल-फूल रहा है। उल्लेखनीय है कि 2 माह से सट्टे के कारोबार पर अंकुश लगने से शहर सहित जिले के नागरिकों ने पुलिस विभाग की इस पहल की सराहना की थी। लेकिन फिर से सट्टा शुरू होने की खबर से नागरिकों में आक्रोश देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सट्टे के अवैध व्यापार के चलते छिटपुट बिजनेस करने वाले एवं युवा इसकी चपेट में आकर बर्बाद हो रहे है।

# मतदान दल घर-घर जाकर अक्षत चावल से दे रहे चुनई नेवता




**बोदरी।** नगर पंचायत बोदरी में आज लोकसभा निर्वाचन में लोगों की शत प्रतिशत भागादारी सुनिश्चित करने जिला प्रशासन द्वारा उन्हें अक्षत चावल देकर चुनई नेवता के जरिए मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में अक्षत चावल का उपयोग किसी भी शुभ कार्य में किया जाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण के मार्गदर्शन में एसडीम बजरंग वर्मा, तहसीलदार अभिषेक राठौर ने आज नगर पंचायत बोदरी के वार्ड 10 (डड़हा), जहां विधानसभा 2023 में चुनाव का बहिष्कार किया गया था, के मोहल्लों में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर डोर टू डोर वितरण कर वार्डवासियों को वोट देने समझाइश दिया गया। इसी कड़ी में घर-घर जाकर मतदान दलों द्वारा अक्षत चावल और मतदाता पर्ची का वितरण कर 7 मई को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने मनुहार किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीणों क्षेत्रों में यह अभियान व्यापक रूप से चलाया जा रहा है।

- एसडीएम बिल्हा बजरंग वर्मा ने दिया नेवता

**शपथ-पत्र**

मैं अज़ीज़ हुसैन (AZIZ HUSSAIN) उम्र 23 वर्ष, पिता मोइज़ हुसैन, निवासी- वार्ड नं. 31, मारवाड़ी लाईन खपरगंज बिलासपुर, तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) पिन कोड-495001 का हूं जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि-
1. यह कि उपरोक्त नाम व पता सत्य व सही है।
2. यह कि पूर्व में मेरा नाम अज़ीज़ (AZIZ) था।
3. यह कि अब वर्तमान में मैंनें अपना नाम अज़ीज़ (AZIZ) का त्याग करते हुए अपना नया नाम अज़ीज़ हुसैन (A Z I Z HUSSAIN) रख लिया है।
4. यह कि मुझे अज़ीज़ हुसैन (A Z I Z HUSSAIN) के नाम से जाना व पहचाना जावे।
5. यह कि मेरे द्वारा सभी शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ निजी संस्थान में अज़ीज़ हुसैन (AZIZ HUSSAIN) के नाम का उपयोग किया जायेगा।

अत: यह शपथ पत्र नया नाम रखने के समर्थन में निष्पादित कर रहा हूं।
शपथकर्ता
अज़ीज़ हुसैन (AZIZ HUSSAIN)

**नाम परिवर्तन सुचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरा पुराना नाम राज कुमार अग्रवाल पिता सत्य नारायण अग्रवाल है पर सही नाम राजकुमार अग्रवाल पिता सत्यनारायण अग्रवाल ही है जो निवासी हाउस न. 18/81 वार्ड न. - 32 चौधरी ट्रेडर्स मसानगंज, जिला - बिलासपुर छत्तीसगढ़- 495001 अत: मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्ध शासकीय दस्तावेजो में राज कुमार अग्रवाल पिता सत्य नारायण अग्रवाल के नाम पर राजकुमार अग्रवाल पिता सत्यनारायण अग्रवाल - के नाम से जाना जाये।
शपतकर्ता -
राजकुमार अग्रवाल
पिता- सत्यनारायण अग्रवाल
निवासी - हाउस न. 18 /
वार्ड न. -32
चौधरी ट्रेडर्स मसानगंज
बिलासपुर छत्तीसगढ़ -495001
मोबाइल न. - 9300305666

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 10/04/20244
प्रति, 1. आवेदक अरूण अवस्थी पिता स्व. गिरीश कुमार अवस्थी आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. सुन्दर सिंह पि. नारायण सिंह 3. राजेन्द्र सिंह पि. स्व. नन्दकुमार 4. राजेश्वर सिंह पि. रामायण सिंह 5. वीना देवी पति नंदकुमार 6. दिनेश सिंह सा. लिंगियाडीह एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।
विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/तह./ ना.तह./ वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 19/01/ 2024
ग्राम लिंगियाडीह प.ह.न. 31 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 70/23 रकबा 0.32 एकड़ हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक अरूण अवस्थी निवासी 27 खोली मंगला के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 28/04/2024 को समय 10:00 बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
राजस्व निरीक्षक
मोपका बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
**राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6/2023-24**
**ग्राम गीधा प.ह.नं. 14**
एतद् द्वारा ग्राम गीधा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नितेश कुमार मिश्रा पिता/पति राजीव लोचन जाति ब्राम्हण निवासी हांफा तहसील सकरी जिला बिलासपुर द्वारा ग्राम गीधा हल्का नं. 14 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 276/7 रकबा 0.6090 हे. अर्थात 1.50 ए. मे से 54X45=2030 वर्ग 225.83 वर्ग मी. को पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।
उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 17/05/24 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 20/03/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।
तहसीलदार
मुंगेली

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बिलासपुर (छ.ग.)**
**// नोटिस //**
श्रीमति भवानी सिन्हा (मृत)
राजीव कुमार सिन्हा वगैरह -- परिवादीगण
// बनाम //
अधीक्षक, डाकघर बिलासपुर संभाग वगैरह - अनावेदकगण
प्रोसेस क्र. ................
प्रकरण क्र. सीसी/212/2020
तारीख पेशी 22.05.2024
प्रति, 5- संजय नारंग, पोस्ट आफिस एजेण्ट 27 खोली, विकास नगर बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
परिवादीगण द्वारा आपके विरूद्ध धारा 35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत इस आयोग के समक्ष अनावेदकगणों द्वारा 5,50,000/- की राशि परिवादीगणों के खाते से बिना जानकारी, बिना सहमति के आहरित किये जाने के कारण क्षतिपूर्ति राशि प्रदान किये जाने बाबत प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 22/05/2024 को दिन 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये आपको समन किया जाता है। आप स्वयं अथवा अपने किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस अपने प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें एवं अपने ऐसे सभी दस्तावेज जिन पर प्रतिरक्षा या मुजरा, ईफा दावा या प्रतिदावा आधारित हो, दाखिल करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आपको ऊपर बतायी गयी तारीख को इस आयोग में उपसंजात नही होते है तो परिवाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
आज दिनांक 25/04/24 को मेरे हस्ताक्षर से आयोग की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
स्थान-बिलासपुर
दिनांक-25/04/24
अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष
बिलासपुर (छ.ग.)




# दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर हुआ रिलीज

**मुंबई।** दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का गुरुवार 25 अप्रैल को ट्रेलर रिलीज हुआ। इस इवेंट को मुंबई में रखा गया, जिसमें निर्देशक महेश भट्ट और पूजा भट्ट भी शामिल हुए। इस फिल्म में दीपक के अलावा अलंकृता सहाय नताशा सूरी कैनात अरोरा नाजिया हुसैन सोनिया बिर्जे हरजिंदर सिंह मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं। 2 मिनट 32 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां 5 लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रीप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रीप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है। जोकि एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# विद्या बालन

## मामूटी ने निभाया है अद्भुत रोल

बॉलीवुड में कम ही ऐसी एक्ट्रेसेज हुईं जिनकी तुलना तीनों खान्स से की जाती हो. विद्या बालन उनमें से एक हैं. विद्या की लेटेस्ट फिल्म 'दो और दो प्यार' इन दिनों थिएटर्स में है. हर बार की तरह इस बार भी उनके काम को देखने वालों ने काफी पसंद किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब विद्या ने कुछ ऐसा कहा है जो शायद बॉलीवुड फैन्स को बहुत पसंद ना आए। विद्या मलयालम सिनेमा की बात कर रही थीं और इसी सिलसिले में उन्होंने मलयालम सुपरस्टार मामूटी की जमकर तारीफ की। मामूटी की बात करते हुए विद्या ने उनके एक लेटेस्ट किरदार का जिक्र किया और कहा कि बॉलीवुड का कोई लीडिंग स्टार वैसा किरदार नहीं निभा सकता। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ऐसा होना 'असंभव' है।

विद्या ने मामूटी की फिल्म 'काथलः द कोर' की बात की। इसके लिए विद्या ने केरल की ऑडियंस को भी क्रेडिट दिया। उन्होंने कहा, 'हमें ये मानना पड़ेगा कि केरल में ज्यादा पढ़ी लिखी ऑडियंस है। ये एक बहुत बड़ा अंतर है। वहां के सबसे निचले तबके के आदमी की समझ भी बहुत अलग है। उन्होंने (मामूटी) ने जो किया मैं उसे कम नहीं बता रही, लेकिन वहां ये करना आसान है। ये एक सोसाइटी का रिफ्लेक्शन है।' विद्या ने मामूटी के 'काथलः द कोर' वाले किरदार को स्पेशल कहने की वजह बताते हुए कहा, 'उन्होंने ये नहीं सोचा कि इससे उनकी मर्दानगी पर कोई असर पड़ेगा। वो बहुत सिक्योर एक्टर हैं।' विद्या ने ये भी बताया कि इस रोल के लिए मामूटी को कॉम्प्लीमेंट करने के लिए उन्होंने, उनके बेटे और एक्टर दुलकर सलमान को मैसेज किया था।



## हॉलीवुड मसाला



# सिंगर मंडिसा की घर में मिली लाश

**मुंबई।** अमेरिकन आइडल फेम ग्रैमी अवॉर्ड विनर सिंगर मंडिसा लिन हंडले की मौत हो गई है। उनका शव रहस्यमय परिस्थितियों में उनके घर से बरामद हुई है। पुलिस जहां जांच में जुटी है, वहीं परिवार और टीम ने भी एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उनके मौत के कारणों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी अमेरिकी सिंगर मंडिसा की 47 साल की उम्र में मौत हो गई है। अमेरिकन आइडल फेम सिंगर की लाश उनके टेनिसी के फ्रैंकलिन स्थित घर में रहस्यमय परिस्थितियों में मिली है।




# 'अमेरिकन ब्यूटी' के डर से मां-बाप ने टीवी में लगा दिया था लॉकर

**मुंबई।** कुछ ऐसी फिल्में बनती हैं, जो दर्शकों के दिलों में हमेशा के लिए छाप छोड़ देती हैं। फिर चाहे वो बॉलीवुड हो, साउथ हो या फिर हॉलीवुड फिल्में क्यों ना हों। आज से ठीक 33 साल पहले एक हॉलीवुड मूवी रिलीज हुई थी, जिसका नाम 'अमेरिकन ब्यूटी' था। ये फिल्म इतनी बोल्ड थी कि लोगों को अपने टीवी में चाइल्ड लॉक तक लगाना पड़ गया था। फिर भी फिल्म ने पांच ऑस्कर अवॉर्ड झटके थे और उस जमाने में फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था। 'अमेरिकन ब्यूटी' फिल्म की कहानी उस जमाने के हिसाब से बहुत ज्यादा बोल्ड थी। एक ऐसे आदमी की कहानी, जो बीवी और बेटी के साथ रहता है, लेकिन बीवी संग उसके रिश्ते ठीक नहीं है, गाली-गलौज होती रहती है और बेटी इस वजह से अपने पैरेंट्स से नफरत करती है और उनसे बात नहीं करती। उस आदमी की जिंदगी में एक दिन तब बहुत बड़ा बदलाव आ जाता है, जब वो बेटी की दोस्त को देखता है। उसे देखकर मन में अश्लील ख्याल आने लगते हैं। फिल्म के कुछ सीन्स तो ऐसे हैं कि जिन्हें देखकर आप अपनी आंखें मूंद लेंगे।



# अगस्त्य नंदा के साथ डेब्यू करेंगी सिमर


**मुंबई।** सिमर ने एक आउटसाइडर की तरह इंडस्ट्री में एंट्री ली है। उनके मामा अक्षय कुमार, बड़े आराम से उन्हें एक बड़े लॉन्च का प्लेटफॉर्म दे सकते थे, लेकिन सिमर ने ऑडिशन देकर अपना डेब्यू प्रोजेक्ट पाया है. उन्होंने फिल्म में अपने ज्यादातर हिस्से के लिए शूट भी कर लिया है। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने कुछ समय पहले ही नेटफ्लिक्स फिल्म 'आर्चीज' से अतिंग डेब्यू किया था, इसके बाद ही उन्हें उनका अगला प्रोजेक्ट भी मिल गया और वो 'अंधाधुन' डायरेक्टर श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' से बड़ी स्क्रीन पर भी डेब्यू करने जा रहे हैं। अगस्त्य के साथ फिल्म में लीडिंग लेडी कौन होंगी, अभी तक इस बात पर सस्पेंस बना हुआ था। मगर अब ऐसी रिपोर्ट्स आ रही हैं कि 'इक्कीस' में अगस्त्य के साथ लीडिंग लेडी को भी फाइनल कर लिया गया है।




# रिश्तों की अहमियत सिखाता है 'दिल दोस्ती डिलेमा'

**मुंबई।** किशोरवय युवक-युवतियों की अपनी जिंदगी और सोच होती है, जो अक्सर मान्यताओं और परम्पराओं से बगावत करते हुए चलती है। अपने ख्यालों-ख्वाबों में खोई रहने वाली ये पीढ़ी अक्सर रिश्तों की कद्र नहीं करती। जाने-अनजाने कुछ ऐसा कर जाती है कि दिल टूट जाते हैं। अगर ना संभाले तो रिश्ते भी बिखर जाते हैं। इस उम्र की प्राथमिकताएं कुछ और होती हैं, जो जिंदगी देखने का नजरिया भी तय करती हैं। प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुई सात एपिसोड्स की सीरीज दिल दोस्ती डिलेमा उम्र के इसी नाजुक मोड़ पर रिश्तों की अहमियत समझाने के साथ संदेश देती है। हालांकि, विषय पुराना लगता है, जिससे सीरीज पकड़ खोती नजर आती है। अस्सी के दौर में ऐसे विषय अक्सर फैमिली फिल्मों का हिस्सा बनते थे और दर्शक भावनाओं के सागर में डूबते-उतराते रहते थे।

## टीवी मसाला



# अनुज के शो छोड़ने पर निर्माता ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** सीरियल अनुपमा में गौरव खन्ना मुख्य रोल निभाते हैं। उनके शो छोड़ने की खबरों से फैंस परेशान हो गए थे. अब शो के निर्माता राजन शाही ने इन खबरों पर रिएक्ट करते हुए बड़ी बात कही है। सोशल मीडिया पर बताया गया था कि गौरव सीरियल को अलविदा कह सकते हैं। फैंस ये जानकर परेशान हो गए थे और सच्चाई जानना चाहते थे। हाल ही में अनुज यानी गौरव ने एक इंटरव्यू में बताया कि वो शो को नहीं छोड़ रहे हैं। अब शो के निर्माता राजन शाही ने इन वायरल खबरों पर रिएक्ट किया है।

अनुपमा अपनी कहानी की वजह से टीआरपी में सबसे आगे रहता है। गौरव खन्ना के शो छोड़ने की खबरें जैसे इंटरनेट पर आई, दर्शकों को इसने हैरान कर दिया। जब शो के निर्माता राजन शाही से गौरव के अनुपमा से बाहर होने की अफवाहों पर पूछताछ की गई, तो उन्होंने इस पर कहा, 'बिल्कुल नहीं'। उन्होंने कहा कि सीरियल में अनुज का किरदार काफी महत्व रखता है। उनके इस बात से तो कंफर्म है कि अनुज शो से बाहर नहीं हो रहे हैं। ये जानकर फैंस को बहुत खुशी होगी।

### अनुपमा का लेटेस्ट एपिसोड

अनुपमा के अपकमिंग एपिसोड में दिखाया जाएगा कि अनु, अनुज के कहने पर उसके घर में शिफ्ट हो जाएगी। अनुज उससे कहेगा कि वो आध्या को नहीं संभाल पा रहा और ऐसे में वो अनुपमा से मदद मांगता है। अनु अपनी बेटी की खातिर अनुज की बात मान लेगी। हालांकि आध्या को ये बात पसंद नहीं आएगी। आध्या जानबूझकर अनुपमा की जिंदगी में नई दिक्कतें पैदा करने लगेगी, ताकि वो सुपरस्टार शेफ छोड़ दें और वापस भारत चली जाए। वो कंपीटीशन के लिए अनुपमा को लेट करवा देगी और अनुज उसकी मदद करेगा। शो में दिखाया जाएगा कि अनुपमा कंपीटीशन के दौरान गिर जाएगी और उसकी मदद के लिए अनुज शेफ बनेगा। वो उसकी ओर से खाना बनाएगा। आध्या और श्रुति ये सब टीवी पर देखकर शॉक्ड हो जाएगी।

# दर्शकों की कमी से कई थिएटरों में ताला लटकने की नौबत

**मुंबई।** मजेदार संयोग ये है कि बीते साल भी मई में ऐसी ही स्थिति थी। हालांकि, तब हॉलीवुड की 'गार्डियंस ऑफ़ द गैलेक्सी', 'फास्ट एक्स' और 'द केरल स्टोरी' ने जान बचा ली थी। 'बॉलीवुड हंगामा' की रिपोर्ट के मुताबिक, दर्शकों की कमी को देखते हुए 800 सीटों वाले मुंबई के गैलेक्सी थिएटर को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। यह जी 7 मल्टीप्लेक्स का एक हिस्सा है, जिसे मशहूर 'गेयटी-गैलेक्सी' के नाम से भी जाना जाता है।



### आगरा में 30 रुपए में टिकट, पर नहीं आ रहे दर्शक

एक चौंकाने वाला उदाहरण आगरा में 'राजीव सिनेमा' का है। यहां टिकट की कीमतें घटाकर 30 रुपए और 50 रुपए कर दी गई हैं। लेकिन फिर भी बात नहीं बन रही है। बिहार के पूर्णिया में 'रूपवाणी' सिनेमा के मालिक विशेक चौहान कहते हैं, 'बहुत सारे एग्जीबिटर्स फोन कर रहे हैं, पूछ रहे हैं कि क्या हमें दो महीने के लिए सिनेमाघर बंद कर देना चाहिए?'

### 'क्या करते हम, कोई फिल्म नहीं चल रही'

इस बारे में 'जी7 मल्टीप्लेक्स' और 'मराठा मंदिर' सिनेमा के कार्यकारी निदेशक मनोज देसाई कहते हैं, 'क्या करते हम? कोई फिल्म नहीं चल रही हैं। दोनों ही फिल्में बुरी तरह पिट गईं। झटका लग गया हमें।'

### जल्द बंद हो जाएंगे थिएटर

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ और थिएटर-मल्टीप्लेक्स अगले एक महीने के लिए बंद रहने की तैयारी में हैं। हालांकि, मल्टीप्लेक्स को पूरी तरह बंद नहीं किया जाएगा, बल्कि कुछ स्क्रीन्स बंद किए जाएंगे। एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में आगे लिखा गया है, 'शुरुआत में अधिकतर सिनेमाघरों ने टिकट की कीमतों में कटौती की। लेकिन फिर भी दर्शकों ने रुचि नहीं दिखाई।

# ऑस्कर कांड के बाद विल स्मिथ की 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** हॉलीवुड की पॉप्युलर फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ऑस्कर थप्पड़ कांड के बाद इस फिल्म के साथ हॉलीवुड स्टार विल स्मिथ सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक करने जा रहे हैं। फिल्म में धुआंधार एक्शन और डरावने फाइट सीन के साथ-साथ बीच-बीच में कॉमेडी भी है। हॉलीवुड की करीब 29 साल पुरानी फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज़' के चौथी सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस कॉप एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म में विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेंस जासूस की भूमिका में दिख रहे हैं। बता दें कि ऑस्कर सेरिमनी 2022 अवार्ड्स में होस्ट क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने की वजह से चर्चा में रहे विल स्मिथ की उस घटना के बाद ये पहली फिल्म रिलीज होने जा रही है।



### 'बैड बॉयज 4' की कुछ ऐसी दिख रही कहानी

*फिल्म की कहानी मियामी के एक पूर्व कैप्टन कॉनरैड हावर्ड की है, जिसके बारे में पता लगता है कि वो ड्रग बनाने वाली कंपनी के साथ कई साल से काम कर रहा है। विल को लग रहा है कि कैप्टर हावर्ड को फ्रेम किया जा रहा है। दरअसल इसके पीछे पूरा गैंग है और इसके खिलाफ 'बैड बॉयज' यानी विल और मार्टिन लॉरेंस मैदान में उतरते हैं जिन्हें न केवल अपने देश को बचाना है बल्कि दुश्मनों को तबाह भी करना है। ये फिल्म 7 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही। दो साल बाद स्क्रीन पर कमबैक कर रहे विल स्मिथ इस ट्रेलर में धुआंधार एक्शन की बौछार करते दिख रहे हैं। इस फ्रेंचाइजी के दीवाने फैन्स खुशी से झूम उठे हैं।*

# हेमा की हिट फिल्म पर बी. आर. चोपड़ा ने बनाया था टीवी शो

## ड्रीम गर्ल ने निभाया लीड रोल

हिंदी सिनेमा की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने फिल्मी पर्दे पर तो अपने अभिनय का जलवा बिखेरा ही, लेकिन इसके अलावा उन्होंने टेलीविजन की दुनिया में भी एक समय पर तहलका मचाया है। इंडिया की ड्रीम गर्ल ने अपनी ही फिल्म सीता और गीता से इंस्पायर टीवी शो में साल 2004 में काम किया था जिसे महाभारत के मेकर बी. आर. चोपड़ा ने ही बनाया था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हेमा मालिनी आज के समय में भले ही फिल्मों में कम नजर आती हैं, लेकिन अब भी वह फैंस की 'ड्रीम गर्ल' ही हैं। राज कपूर की फिल्म 'सपनों का सौदागर', जॉनी मेरा नाम, लाल पत्थर और अंदाज और शोले जैसी कई यादगार फिल्में हिंदी सिनेमा को देने वाली हेमा मालिनी के करियर के में टर्निंग प्वाइंट तब आया, जब उन्होंने साल 1972 में फिल्म 'सीता और गीता' में दोहरी भूमिका निभाई।

फिल्म के निर्देशन की कमान रमेश सिप्पी ने संभाली, तो वही पटकथा सलीम और जावेद ने दी। हेमा मालिनी की सीता और गीता दो ऐसी बहनों की कहानी है, जो बचपन में ही बिछड़ जाती हैं। दोनों का स्वभाव एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत होता है। जहां दुष्ट चाची सीधी सादी सीता का जीना दुश्वार करके रखती हैं, तो वहीं



*बी.आर. चोपड़ा ने टीवी पर बनाई थी सीता-गीता : महाभारत जैसे यादगार शोज देने वाले बी आर चोपड़ा ने साल 2004 में एक सीरियल बनाया, जिसका टाइटल था 'कामिनी-दामिनी'। ये शो सहारा वन पर ऑनएयर होता था। इस डेली सोप ने सहारा वन पर श्रीदेवी के शो 'मालिनी अय्यर' को रिप्लेस किया था। खास बात ये थी कि इस शो में भी बी. आर. चोपड़ा ने 'सीता और गीता' एक्ट्रेस हेमा मालिनी को ही मुख्य भूमिका निभाई थी। ये पूरा शो सीता और गीता मूवी पर ही बेस्ड था।*

गीता से पंगा लिया, तो वह अपनी खैर मनाता है। सीता और गीता की कहानी तब और दिलचस्प हो जाती है, जब दोनों ही अपनी जगह बदल लेती हैं और गीता-सीता के घर पहुंच जाती है। साल 1972 की ये फिल्म आज भी लोगों को याद है। हेमा मालिनी की ये फिल्म लोगों इतनी ज्यादा पसंद आई थी कि साल 1989 में इसी से ही मिलती-जुलती कहानी वाली फिल्म 'चालबाज' भी रिलीज हुई थी।

उस समय पर हेमा मालिनी की फिल्म 'सीता और गीता' की लोकप्रियता से 'महाभारत' के निर्देशक बी.आर. चोपड़ा इतने ज्यादा इम्प्रेस हो गए थे कि उन्होंने इस पर एक पूरा टीवी शो बना दिया था, जिसमें किसी और ने नहीं, बल्कि 'ड्रीम गर्ल' ने ही मुख्य भूमिका निभाई थी। हेमा मालिनी शो में कामिनी और दामिनी बनी थीं। कामिनी जहां तेज तर्राट सी थी, तो वहीं दामिनी 'सीता' की तरह ही एकदम शांत थी।

# सालों बाद फिर साथ दिखेंगे इंस्पेक्टर दया और अभिजीत



*मुंबई। सीआईडी फैन्स के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है।आपके फेवरेट अभिजीत यानी आदित्य श्रीवास्तव और दया मतलब दयानंद शेट्टी एक बार फिर टीवी पर लौट रहे हैं। वो भी एक साथ. चलिये फिर देरी कैसी जल्दी पूरी बात जान लेते हैं। कई टेलीविजन सीरियल्स ऐसे हैं, जिन्होंने सालों तक दर्शकों का मनोरंजन किया है। यही वजह है जब सालों तक चलने वाले शोज अचानक बंद होते हैं, तो फैन्स के दिलों को काफी दुख पहुंचता है। ऐसे ही पॉपुलर शोज में सीआईडी का नाम भी शुमार है। इस शो ने तीन दशक तक टीआरपी लिस्ट पर राज किया। दर्शकों ने शो के किरदारों को भी खूब पसंद किया। इंस्पेक्टर दया, सीनियर इंस्पेक्टर अभिजीत और एसीपी प्रद्युमन जैसे कई किरदार हैं, जिन्हें आज भी लोगों का प्यार मिल रहा है। अब सीआईडी फैन्स के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है। आपके फेवरेट अभिजीत यानी आदित्य श्रीवास्तव और दया मतलब दयानंद शेट्टी एक बार फिर टीवी पर लौट रहे हैं।*

**खबर संक्षेप**

## महिलाओं का जलसा-ए-ईद मिलन समारोह आज

**बिलासपुर।** जामिया अल कौसर लिलबनात अन नूर एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में 27 अप्रैल को ईदगाह पुलिस लाइन में जलसा-ए-ईद मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष ताहिरा बेगम ने बताया कि यह जलसा शाम 6 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें मुख्य अतिथि अधिवक्ता फौजिया मिर्जा होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद शहजादी कुरैशी करेंगी। समारोह की विशेष अतिथि नजमा अजीम होंगी। इसे सफल बनाने के लिए सोसायटी की बेगम हुसैन, यासमीन खान, शमीम फिरदौस, शबीना कुरैशी, नूर नायाब, शमा खान, शहीन खान, रिजवाना खान, रोजी अहमद, शहला खान, शगुफ्ता परवीन आदि आवश्यक तैयारी में जुटी हैं।

## क्षेत्रीय पंचायत कार्यालय से 2 नग एसी पार

**बिलासपुर।** नूतन चौक सरकंडा स्थित क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र कार्यालय से अज्ञात चोर ने एसी सहित अन्य समान पार कर दिया है। यहां के भृत्य लतेल सिंह ठाकुर ने सरकंड़ा थाना पहुंच इसकी शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि कार्यालय क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास में लगे 2 नग एसी वोल्टास कंपनी का आउटर 3 साल से बंद था। 21 अप्रैल को उक्त एसी सहित कार्यलय के अन्य समान को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। भृत्य की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## फरसा लेकर लोगों को धमकाने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बिजली आफिस के पास हाथ में फरसा लेकर आने-जाने वालों को धमकाने वाले युवक को आर्म्स एक्ट के तहत सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सरकंडा पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को शुक्रवार को सूचना मिली कि बिजली ऑफिस अशोक नगर सरकंडा में एक व्यक्ति लोहे का पुराना धारदार फरसा को अपने हाथ में लेकर लहराकर आने जाने वाले लोगो डरा धमका रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी विशाल पाण्डेय उर्फ राजा पिता घनश्याम पाण्डेय 19 वर्ष को घेराबंदी कर पकडा। उसके पास से लोहे का धारदार फरसा जप्त कर आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार किया।

### मुख्यमंत्री साय ने भरी हुंकार, कहा-कांग्रेस जनता के बीच विश्वास खो चुकी

# भाजपा विकास करती है, ठगने का काम कांग्रेस का: सीएम साय



चिल्हाटी में आयोजित सभा में उपस्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू व अन्य।



जनसभा में उमड़ी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बस्तर में भाजपा चुनाव जीत रही है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को खाता नहीं खोलने देना है। कांग्रेसियों को एक भी सीट नहीं जीतने देना है। इन्होंने पूरे 5 साल कोई वादा पूरा नहीं किया और सिर्फ ठगने का काम किया है। छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया है। ये बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले के चिल्हाटी में शुक्रवार को आयोजित विशाल जनसभा में को संबोधित करते हुए कही । उन्होंने पहले चरण के चुनाव को लेकर कहा कि बस्तर में भाजपा के पक्ष में अच्छा रुझान आया है, लिहाजा हम चाहते हैं, राहुल गांधी ज्यादा से ज्यादा छत्तीसगढ़ दौरे पर आएं, क्योंकि वे जहां जाते हैं, वहां पर कांग्रेस को हार मिलती है।

सीएम साय ने कहा कि दूसरे चरण के मतदान में राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद में चुनाव चल रहा है। इन तीनों सीटों पर भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। कांग्रेस जनता के बीच विश्वास खो चुकी है, छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा के चार महीने और 'मोदी के गारंटी' के 10 साल पर भरोसा करती है। छत्तीसगढ़ से 11 की 11 सीट पर भाजपा का कमल खिलने वाला है।

### 180 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

मुख्यमंत्री की जनसभा के दौरान जिला पंचायत सदस्य राजेश्वर भार्गव के नेतृत्व में 180 लोगों ने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की और लोकसभा में भाजपा को बहुमत दिलाने की बात कही।

कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन विधानसभा संयोजक बीपी सिंह ने किया इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी खड़े होकर जोरदार तालियों से दुलरवा मुख्यमंत्री जी का स्वागत करें जिन्होंने महतारी वंदन योजना लाकर महिलाओं का सम्मान किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा सांसद प्रत्याशी तोखन साहू, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, पूर्व महापौर किशोर राय, भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत, भाजपा सह कोषाध्यक्ष बी.पी सिंह, दिलेंद्र कौशिल, श्रीमती नूरी कौशिल जिला पंचायत सदस्य, राजेश्वर भार्गव जिला पंचायत सदस्य, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र राठौर, विजय अंचल, राजकुमार साहू, राज्यवर्धन कौशिक समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और हजारों की संख्या में जनता उपस्थित रहीं ।

### मुद्दा विहीन हो गई कांग्रेस

श्री साय ने कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन हो चुकी है इसलिए जनता को अलग-अलग मुद्दों पर भरमा रही है, तरह-तरह के षड़यंत्र कर रही है। लेकिन मैं आप सभी को आश्वस्त करने आया हूँ कि हताश और निराश हो चुकी कांग्रेसियों के इस बहकावे में बिल्कुल मत आइए। जब तक छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार है महतारी वंदन योजना भी बंद नहीं होगी। महिलाओं को निरंतर इसका लाभ मिलता रहेगा। हर महीने के पहले सप्ताह में राशि दे दी जाएगी।

### मोदी सरकार ने गारंटी पूरी की: तोखन

भाजपा सांसद प्रत्याशी तोखन साहू ने कहा कि 100 दिन में मोदी सरकार ने अपनी गारंटी पुरी की। मोदी सरकार हर गरीब दुखिया की बात सुनने वाली सरकार है जो गरीबों के लिए समर्पित है। मोदी सरकार ने महिलाओं के लिए महतारी वंदन जैसी योजना लाकर महतारियों के लिए अपनी दूरदर्शी सोच का परिचय दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा को वोट करने की अपील की और कहा कि उन्हें किसे वोट करना है उन्हें अच्छे से पता है इस कांग्रेस के धोखे में नहीं आना है। पूर्व मंत्री और मस्तूरी के पूर्व विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जो मेरे साथ हुआ है, उसका मुझे कोई अफसोस नहीं है। लेकिन उस गलती की भरपाई तोखन साहू को वोट देकर पूर्ति कर दीजिए।

### रेत माफिया ने सड़क को बर्बाद कर दिया

# अमलडीहा और उदईबंद रेत खदान संचालकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



कार्रवाई के दौरान जब्त किए वाहन।

- एसडीएम से गांव वालों ने की थी शिकायत

खनिज विभाग ने अमलडीहा एवं उदईबंद रेत खदान संचालकों को नोटिस जारी किया है। दरअसल मस्तूरी के अमलडीहा एवं उदईबंद रेत खदान से बड़े वाहनों से रेत परिवहन करवाने के कारण पीएम सड़क के खराब हो जाने की शिकायत एसडीएम से ग्रामवासियों के द्वारा की गई थी, जिस पर राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति में मौका जांच की गई थी, जिसमें खराब हो रही सड़क के मरम्मत कराने के संबंध में दोनों खदान संचालकों के प्रतिनिधियो के द्वारा लिखित में आश्वासन दिया गया है, जिस पर ग्रामीणों द्वारा सहमति दी गई थी। हालांकि इसका पालन नहीं किया गया।

खनिज विभाग द्वारा रेत खदान अमलडीहा एवं उदईबंद का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तो अमलडीहा में स्वीकृत क्षेत्र के भीतर से एक चैन माउण्टेन लोडिंग मशीन-हुण्डई मॉडल 210 एवं माडल 205 पाया गया। जिसे सहायक खनिज अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत अमलडीहा के सरपंच की उपस्थिति में जब्त कर लिया गया। सरपंच ने सुपुर्दगी लेने से इनकार किया तो वाहन ऑपरेटर को सौंप दिया गया और अगामी आदेश तक मशीन से उत्खनन ना करने की हिदायत दी गई। उदईबंद रेत खदान में भी खदान क्षेत्र के भीतर एक चैन माउण्टेन लोडिंग मशीन कामास्तु मॉडल 210 खनिज रेत लोडिंग करते पाए जाने पर पुनः ग्राम पंचायत अमलडीहा के सरपंच की उपस्थिति में जप्त कर वाहन ऑपरेटर को ही सुपुदर्गी में दिया गया। खनिज विभाग ने रेत खदान संचालकों द्वारा शर्तों का उल्लंघन किए जाने के कारण उन्हे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही खनिज अमले द्वारा लछनपुर खदान की भी आकस्मिक जांच की गई एवं खदान संचालक को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### 762 प्रकरण दर्ज कर 2 करोड़ की पेनाल्टी

खनिज उपसंचालक दिनेश मिश्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन-भण्डारण के कुल 762 प्रकरण दर्ज कर कुल एक करोड़ 82 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है। साथ ही 13 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराया गया है। 6 प्रकरणों में सिविल न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल महीने तक कुल 76 प्रकरण दर्ज कर कुल समझौता राशि 15,44,157 रुपए जमा कराया गया है। शेष प्रकरणों में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। खनिज विभाग के मुताबिक रतनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस विभाग द्वारा लगातार अवैध रेत, मिट्टी परिवहन कर रहे वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है। अवैध परिवहन के 5 मामले दर्ज किए हैं जिन पर भी कार्यवाही जारी है।

## नाबार्ड के तरंग-एफपीओ मेला में 18 जिलों ने लगाए स्टाल

**बिलासपुर।** नगर के मुंगेली नाका मैदान में नाबार्ड में इन दिनों तरंग एफपीओ मेला का आयोजन किया जा रहा है। जो कि 28 अप्रैल तक चलेगा। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने की। उन्होंने स्टाल का मुआयना कर प्रतिभागियों से चर्चा कर उनके उत्पाद की जमकर सराहना करते हुए से महत्वपूर्ण बताया। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), लघु कृषक कृषि व्यवसाय कंसोर्टियम और ओपन नेटवर्क डिजिटल कॉमर्स के सहयोग से मुंगेली नाका मैदान में 26 से 28 अप्रैल तक तरंग - एफपीओ मेला लगाया जा रहा है। इस मेले में छत्तीसगढ़ के 18 जिलों के 50 एफपीओ ने स्टाल लगाया है। जिसमें जीराफूल चावल, काला चावल, काजू, मसाले, फल; मोटे अनाज और इसके उत्पाद वन उत्पाद जैसे शहद, चिरौंजी और कई हस्तशिल्प उत्पाद शामिल हैं। इसके अलावा आईजकेवी ने अपने प्राकृतिक और जैविक कृषि उत्पाद के लिए स्टॉल लगाया है। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने किया। इस कार्यक्रम में आयुक्त नगर पालिक निगम अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत राम प्रसाद चौहान अतिथि थे। इस अवसर पर नाबार्ड छग क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक डॉ ज्ञानेंद्र मणि ने कहा कि नाबार्ड ने एसएफएसी और ओएनडीसी की साझेदारी में कार्यक्रम का आयोजन छग के एफ़पीओ को अपने उत्पाद के विपणन और बिक्री के लिए एक प्लैटफ़ॉर्म देने के लिए किया है। उन्होंने बताया कि काफ़ी एफपीओ अब ई-नाम, ओएनडीसी से जुड़े हैं। एनसीडीईएक्स में भी कारोबार कर रहे हैं जिससे उन्हें देश भर के उपभोक्ताओं को अपनी उपज ऑनलाइन बेचने का मौका मिल रहा है।

# ट्रक का कांच तोड़ चाकू की नोक पर ड्रायवर से 11 हजार की लूट

**बिलासपुर।** तोरवा क्षेत्र में इन दिनों आपराधिक घटनाए बढ़ गई हैं। यहां इस दिनों लुटेरे सक्रिय हैं,आधी रात में बायपास में खड़े होने वाले ट्रकों के ड्रायवर और कंडक्टर को निशाना बना रहे और हथियार के बल पर लूटपाट कर रहे हैं।

शुक्रवार को ग्राम डोंगरी थाना बलौदा निवासी सजीव कुमार निर्मलकर 34 वर्ष ने तोरवा थाना पहुंच शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वो 24 अप्रैल को सुबह 11 बजे वर्धमान राईस मिल मुंगेली से चावल की बोरी भरकर ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलआर 9013 से शाम 5 बजे देवरीखुर्द एफसीआई पहुंचा था तथा वहां जगह नहीं होने से देवरीखुर्द मोड़ के पास रोड किनारे अपने वाहन खड़े कर अपने नंबर का इंतजार कर रहा था। 25 अप्रैल को एफसीआई में माल नहीं लेने से ट्रक को खडा कर ट्रक में ही सोया था कि रात 3 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति आकर ट्रक का दरवाजा को ठोंकने लगा, इससे उसकी नींद खुल गई, इसके बाद दो व्यक्तियों ने ट्रक के दरवाजा में लगे, कांच को तोड़ दिया और अंदर आ गए, चाकू दिखाकर डरा धमकाकर मोबाइल और जेब से 2500 रूपए तथा हमाली का पैसा 8 हजार 500 कुल 11000 लूटकर ले गए।

### एक्टिवा में आए थे 4 लुटेरे

ड्रायवर ने पुलिस को बताया कि लूट करने वाले लोग एक एक्टिवा में आए थे तथा चार लोग थे। लूट करने के बाद अपने एक्टिवा से तोरवा की ओर भाग गए। मारपीट से ड्रायवर की गर्दन, पेट, पीठ के साईड में चोट खरोंच आई है। घटना के बाद सुबह होने पर आसपास पतासाजी के बाद तोरवा थाना पहुंच ड्रायवर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### युवक का मोबाइल लूटा

स्टेशन में ट्रेन में सवार होने आए युवक से दो युवकों ने लूटपाट की। युवक तोरवा थाना पहुंच मामले में शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम भठोरा थाना मालखरौद शक्ति निवासी भोला शंकर चंद्रा 28 वर्ष अपने भाई पवन चंद्रा से मिलने बिलासपुर आया था। भाई से मिलने के बाद घर जाने के लिए बिलासपुर रेल्वे स्टेशन पहुंचा, ट्रेन नहीं मिलने पर लोकल ट्रेन पकडने के लिए गतौरा स्टेशन की ओर रेल्वे ट्रैक के किनारे पैदल जा रहा था। रात 1 बजे लाल खदान ब्रिज के पास पहुंचा था। उसी समय 2 अज्ञात व्यक्ति आए और 13 हजार रूपए कीमत का मोबाइल लूट लिया। युवक ने पुलिस को बताया कि लाल खदान में आसपास के लोगों से पता करने पर एक रवि पाल तथा दूसरे लड़के का नाम दीपक भारद्वाज होना मालूम चला है।

## 6.20 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रेलवे में टीसी के पद पर नौकरी दिलाने की बात कहते हुए 6 लाख 20 हजार रूपए लेने के बाद फर्जी ज्वानिंग लेटर देकर ठगी करने वाले आरोपी को सरकंडा पुलिस ने 5 माह बाद गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि घुरू अमेरी निवासी प्रार्थी हरिशंकर टंडन पिता रामनारायण टंडन 35 वर्ष ने 19 अक्टूबर 2023 में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके अनुसार उनके परिचित अखिलेश चौहान ने अपने दोस्त आशीष दास के बारे में बताया कि वह रेलवे में टीसी है, वह नौकरी लगवा देगा। आशीष दास ने नौकरी लगाने के लिए 7 लाख 50 हजार रूपए देने की बात कही। युवक उसके झांसे में आ गया। 13 दिसंबर 2020 को उसने 1 लाख 50 हजार देने कहा, जिसे चेक के माध्यम से दिया। इसी तरह अलग-अलग प्रक्रियाओं के लिए किस्तों में 6 लाख 20 हजार रूपए ले लिए और एक फर्जी ज्वानिंग लेटर दिया। बाद में पता चला कि ये लेटर फर्जी है। जिसके बाद थाने में प्रार्थी ने ग्राम कोसमंदा, थाना चांपा अखिलेश कुमार चौहान 29 वर्ष के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152







